वर्ष- 22 अंक - 67 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 19 अगस्त 2026

## सोने की खदान धंसी! 30 की मौत, कई दबे

**बुधवार.एजेंसी।** सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के पश्चिमी हिस्से में सोने की एक छोटी खदान के धसने से 30 खनिकों की मौत हो गई। जबकि कई खनिक अब भी फंसे हुए हैं। उन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है।

## कोलकाता में भीषण अग्निकांड



# होटल में आग, 9 की मौत

## मृतकों में बच्चे सहित ज्यादातर बांग्लादेशी

**कोलकाता ● एजेंसी**

कोलकाता के मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित पांच मंजिला बिल्डिंग में रात करीब 1:45 बजे आग लग गई। बिल्डिंग के अंदर कई होटल थे। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, इनमें 2 महिलाएं और एक 4 साल का बच्चा शामिल है। सभी बेहोशी की हालत में मिले थे। 6 लोग घायल हुए हैं। अब तक 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग लगने के वक्त होटलों में ज्यादातर लोग सो रहे थे। बिल्डिंग में धुआं भरने के कारण उनका दम घुटने लगा। मरने वालों में ज्यादातर बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं जो इलाज के लिए यहां आए थे। जिस इमारत में आग लगी उसमें कई होटलें हैं, जिनमें बड़ी तादाद में लोग ठहरे हुए थे। सोमवार को बीरभूम जिले में भी चार मंजिला होटल में आग लगने से 7 लोगों को मौत हो गई थी।

# आजम खान के 10 ठिकानों पर छापेमारी

**रामपुर ● एजेंसी**

**समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह-सुबह आजम खान और उनसे जुड़े सहयोगियों के 10 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की।**

यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के रामपुर, सहारनपुर और देश की राजधानी नई दिल्ली में एक साथ जारी है। आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी पर भी छापा मारा गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कुछ निजी ठेकेदारों ने सरकारी ठेकों से मिले फंड का एक बड़ा हिस्सा गैर-कानूनी तरीके से मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी में ट्रांसफर किया। इस धन का इस्तेमाल भारी भरकम डोनेशन और यूनिवर्सिटी की संपत्तियों तथा निर्माण कार्यों में किया गया।

ईडी की यह रेड 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' के तहत की जा रही है। जांच एजेंसी की टीमें आजम खान के वित्तीय लेन-देन, वित्तीय अनियमितताओं और संदिग्ध फंडिंग की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई कर रही हैं।




## अमेरिका में 24 हजार गैर नागरिकों ने भी डाल दिया वोट

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 2020 के चुनाव को लेकर दावा किया कि 12.8 करोड़ मतदाताओं की जांच में पता चला कि 24 हजार से ज्यादा गैर-नागरिकों ने अवैध मतदान किया। इससे पहले ट्रंप ने भारत की चुनाव व्यवस्था की तारीफ की थी।

## इमरान खान से मिलने जेल पहुंची बहन

**रावलपिंडी.एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान से उनकी बहन नूरीन नियाजी ने जेल में मुलाकात की। यह मुलाकात जेल के कॉन्फ्रेंस रूम में हुई। दोनों के बीच इमरान खान की सेहत और अन्य मुद्दों पर बातचीत हुई। नूरीन ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया आदेश से जुड़े नए अपडेट्स की भी जानकारी दी। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने अदियाला जेल में कैद पूर्व वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) इमरान खान को सही उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने का आदेश दिया है।

## मोदी मंत्रिमंडल में इसी महीने बड़ा फेरबदल?

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भाजपा संगठन की नई टीम बनने के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी इसी महीने अपनी सरकार में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। करीब दो दर्जन मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं। कुछ मंत्रियों का भार कम किया जा सकता है, जबकि कुछ को नई और बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। कुछ मंत्रियों को वापस संगठन में भेजा जा सकता है। तमिलनाडु में कांग्रेस से नाता तोड़ने वाली द्रमुक को भी मंत्रिमंडल में जगह दी जा सकती है। भाजपा के कोषाध्यक्ष बने पीयूष गोयल का मंत्री पद बरकरार रखने, शिक्षामंत्री पद से इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र प्रधान को दूसरे विभाग का मंत्री बनाने की भी चर्चा है।



## घरों में डूबा सामान, नदी में बहा स्कूल, ब्रिज डूबा भूस्खलन से 6 की मौत

**बुधवार ● एजेंसी**

प्रयागराज में लगातार तीसरे दिन बाढ़ के हालात बने हुए हैं। यहां घरों के अंदर भी इतना पानी भर गया कि घर का सामान पानी में डूब गया। उधर बिहार के बगहा में एक स्कूल नदी में बह गया। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन से 6 लोगों की मौत हो गई। पिथौरागढ़ में बीआरओ के कुलागाड़ वैली ब्रिज पर चट्टानें जा गिरीं। इससे पुल काली नदी में समा गया। इससे कैलाश मानसरोवर मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई। पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में बड़ा भूस्खलन हुआ जिससे रास्ता बंद हो गया।

## होटल का खाना खाने से बच्ची की मौत, 4 बीमार

**सूरत.एजेंसी।** गुजरात के सूरत में रेस्टोरेंट का खाना खाने के बाद 5 साल की बच्ची आर्या की मौत हो गई। वहीं, उसके परिवार के चार अन्य सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें आर्या के पिता अशोक भाई, मां और दो बहनें शामिल हैं। परिवार ने 15 अगस्त की शाम शहर के शीटल रेस्टोरेंट से काजू-पनीर समेत खाना मंगाया था। इसके बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने परिवार के सदस्यों में फूड पॉइजनिंग की पुष्टि की है।

## आज पटना में लालू की पार्टी का मार्च

**पटना.एजेंसी।** पटना में चल रहे छात्र आंदोलन के बीच आज लालू के बेटे तेजस्वी यादव के नेतृत्व में उनकी पार्टी राजद का लोक भवन मार्च होगा। इसके लिए बड़ी तादाद में राजद के कार्यकर्ता गांधी मैदान पर पहुंच रहे हैं।

### 22 साल बाद हुआ खुलासा

# पाकिस्तान में टीम इंडिया पर हो सकता था हमला

**बुधवार ● एजेंसी**

भारत के साल 2004 में पाकिस्तान दौरे पर कराची में टीम पर हमला होने का खतरा था। इस घटना के बारे में पूर्व खुफिया एवं सुरक्षा अधिकारी यशोवर्धन आजाद ने अपनी हाल ही में प्रकाशित किताब में किया। उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ चाहते थे कि एक टेस्ट मैच कराची में हो, लेकिन भारत के सुरक्षा सलाहकारों ने उनकी मांग को ठुकरा दिया। अगर कराची में मैच हो जाता तो टीम इंडिया पर बड़ा आतंकी हमला हो सकता था।



## ताजमहल के सामने शिवभक्तों ने की आरती

**आगरा.एजेंसी।** आगरा में मेहताब बाग से ताजमहल की ओर कथित पूजा-अर्चना और आरती करने के दो वीडियो वायरल होने के बाद एएसआई की शिकायत पर एत्माद्दौला थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, हिंदू महासभा ने सावन के सोमवार पर 'तेजो महालय' की आरती करने का दावा किया है। हिन्दू महासभा का कहना है कि ताजमहल वाली जगह पर पहले शिव मंदिर था, है और रहेगा।

# पार्षद के प्रयास से सौगात की पहल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 5 के वार्ड 38 के नाहरशाह कम्पाउण्ड के रहवासियों को सीमेंट रोड और ड्रेनेज लाइन कार्यों की सौगात मिलेगी। इस कार्य के लिए क्षेत्रीय पार्षद पति उस्मान पटेल ने प्रयास किए और उसी के बाद अब सीमेंट रोड का निर्माण 42 लाख 38 हजार 876 रुपये तथा ड्रेनेज लाइन का कार्य 37 लाख 43 हजार 793 रुपये की लागत से किया जाएगा। इन काम के पूरे होने के बाद क्षेत्र में जल भराव और गंदे पानी की निकासी के अलावा रोड की सौगात भी मिलेगी। इस कार्य का भूमिपूजन किया गया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षदपति उस्मान पटेल, तनवीर पटेल, जोएब पटेल, इम्तियाज मेमन, हारून शेख, कुदरत पटेल, सलीम नेता, जाकिर नेता, भूरू सेठ, डॉ. जहीर शेख, कमर खान, सादिक कुरेशी, परवेज खान, सैयद शेर अली, सिद्धिक सर, पप्पू स्क्रैप, हनीफ मंसूरी सहित अन्य रहवासी मौजूद रहे।





## भावी पार्षद दावेदार ने किया श्रद्धालुओं का स्वागत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर वार्ड 32 से बाबा महांकाल उज्जैन तक निकाली गयी कांवड यात्रा में बोल बम के जयकारों से सारा वातावरण शिवमय हो गया। इस वार्ड से पार्षद के भावी दावेदार शक्तिसिंह टोनेरे राजा ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।



## पटवारी के घर शोक प्रकट करने पहुंच रहे हैं कांग्रेसी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काका घनश्याम पटवारी का निधन हो गया। आज उनकी शोक बैठक की जा रही है। इधर आज तीसरे दिन भी जीतू पटवारी शोकजदा होकर घर पर ही मौजूद है और प्रदेश भर के कई कांग्रेसी शोक जताने पहुंच रहे हैं। दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल भी पहुंचे।

## भाजपा दूसरों के घर में झांकना बंद करे -कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द जैन कासलीवाल ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा पर तंज कसा और कहा कि वे अपनी भारतीय जनता पार्टी को ही दायरे में रखे और दूसरी पार्टी में ताकना, झांकना बंद करें, बेवजह की बयानबाजी ना दें और जिस तरह से भाजपा नगर अध्यक्ष ने दो विधायकों रमेश मेंदोला और राकेश शुक्ला के दबाव में जीतू यादव की वापसी प्रदेश भाजपा से करवाई आखिर उसमें डील क्या हुई, उसमें क्या राजनीतिक खेल है यह भी वे स्पष्ट करें, नहीं तो कांग्रेस भी अब भाजपा के अंदरुनी मामले में ताकझांक करेगी। कासलीवाल ने कहा कि भाजपा को अपने चाल-चरित्र और चेहरे पर ध्यान रखना चाहिए। इधर-उधर के काम करने के बजाए आम लोगों को शासकीय योजना का लाभ दिलाए। शहर में अपराध कैसे कम हो और प्रदेश सरकार से लेकर निगम तक के टैक्स कैसे कम हो इस पर ध्यान दें, फिजूल बातों पर ध्यान न दें।

**यह भी पूछा कि नगर अध्यक्ष ने क्या की डील**

## माणिकबाग से सुबह 8 बजे सद्भावना दौड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## कांग्रेसी कल सुबह पहुंचेंगे राजीव गांधी प्रतिमा

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती पर कल सुबह 9 बजे राजीव गांधी प्रतिमा पर कांग्रेसी माल्यार्पण करने पहुंचेंगे। शहर और जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों से लेकर विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक और मंडलम पदाधिकारी को भी राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पण के लिए कहा गया है। इधर कांग्रेस ने चोइथराम अस्पताल माणिकबाग से सद्भावना सभा और दौड़ का आयोजन कल सुबह 8 बजे से किया है। यह दौड़ राजीव गांधी प्रतिमा तक रहेगी और उसके बाद सभी कांग्रेसी कांग्रेस के माल्यार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मंत्री विजयवर्गीय ने भी लगाए सांवरिया सेठ के जयकारे





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांवरिया सेठ की प्रभातफेरी रोजाना सुबह अलग-अलग क्षेत्र में निकाली जा रही है। बिजासन रोड के 60 फीट रोड पर सांवरिया सेठ की प्रभातफेरी निकाली गई। जिम्मेदारी मोहन पहलवान बामनिया और गणेश खिचड़ीवालों के पास थी। इस आयोजन के लिए बड़े पोस्टर भी छपवाए गए थे और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य श्रद्धालुओं को भी आमंत्रित किया गया था। विजयवर्गीय ने इस प्रभातफेरी में शिरकत की और सांवरिया सेठ के जयकारे भी लगाए। घनश्याम जोशी, धर्मेन्द्र उपाध्याय, आलु जोशी, बंटी यादव पहलवान, जतिन आर्य, टोनी बरकिया, जगदीश यादव पहलवान,अंकित पहलवान, बबलू यादव, बालकिशन ओझा, राजू जोशी, पंकज व्यास सहित अन्य शामिल थे।



## बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने निकाली कलश यात्रा

## भार्गव ने दी जल के लिए बड़ी सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड क्रमांक 16 में पेयजल समस्या के समाधान के निराकरण के लिए पानी की टंकी के निर्माण और पाइप लाइन बिछाने के कार्य का क्षेत्रीय प्रयास सोनाली मुकेश धारकर ने किया। इसका शुभारंभ करने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मनोज पटेल, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा पहुंचे, भूमिपूजन किया गया। शिव मंदिर स्मृति नगर से इस पानी की टंकी की खुशी में सैकड़ों मातृशक्तियों ने कलश यात्रा निकाली, जो छोटा बांगड़दा गरबा मैदान तक पहुंची। इस कलश यात्रा के बाद ही टंकी का भूमिपूजन किया गया।



# नामांतरण घोटाले की जांच में भी किया गया घोटाला-कांग्रेस

**जांच रिपोर्ट में नहीं मालूम कौन है इस घोटाले का मास्टर माइंड, बड़े दोषियों को बचाने का खेल बंद करो, जांच लोकायुक्त को सौंपी जाए**

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे और निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सचमुच देश और दुनिया का कोई और शहर ऐसा काम कर ही नहीं सकता है जैसा काम इंदौर नगर निगम में भाजपा की परिषद के कार्यकाल में हो रहा है। नगर निगम के नामांतरण घोटाले में 356 संपत्ति के मालिक के नाम नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बदल दिए। जिन नए लोगों के नाम मालिक के रूप में दर्ज किए गए उनमें से 51 लोगों ने इस संपत्ति को बेच भी दिया। इस घोटाले के उजागर होने के बाद नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया था। इस जांच कमेटी के द्वारा अपनी रिपोर्ट दे दी गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस रिपोर्ट के आधार पर निगम आयुक्त के द्वारा कुछ कर्मचारियों को निलंबित करने और कुछ की सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस जांच रिपोर्ट के सामने आने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस इतने बड़े घोटाले का मास्टरमाइंड कौन है। इस जांच रिपोर्ट में कुछ छोटे कर्मचारियों को दोषी ठहरा दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि इस घोटाले की जांच में भी घोटाला हो गया है। यह पूरा घोटाला धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला है। इस मामले की शिकायत साइबर क्राइम में करने के बजाय इंदौर नगर निगम आयुक्त को चाहिए कि वह इस मामले की पूरी फाइल को शिकायत के रूप में लोकायुक्त पुलिस को सौंप दें। लोकायुक्त पुलिस जब इस मामले की जांच करेगी तो यह स्पष्ट हो जाएगा की इस घोटाले के तार कहां तक जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस घोटाले ने इंदौर नगर निगम की छवि को धूमिल किया है।

**निगम ने रचाया शासकीय जमीनों पर कब्जे का खेल**

चिंटू चौकसे एवं सोनिला मिमरोट ने कहा कि इंदौर नगर निगम के द्वारा अब शासकीय जमीन पर कब्जे का खेल शुरू करवाया जा रहा है। इसके अंतर्गत निगम की महापौर परिषद में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के संपत्तिकर के खाता खोलने का प्रस्ताव लाया गया है। यह प्रस्ताव निश्चित तौर पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने की घटनाओं को बढ़ावा देने का काम करेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सरकारी जमीनों की लूट करने के लिए इस प्रस्ताव को लाया गया है। कांग्रेस इस प्रस्ताव का पूरी तरह से विरोध करती है। हमारा कहना है कि अवैध कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के मकान का संपत्ति कर का खाता खोला जाना चाहिए। लेकिन सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों का संपत्ति कर का खाता नहीं खोला जाना चाहिए।

# अल्पसंख्यक मोर्चे की कमान के लिए अखिलेश शाह की दावेदारी

## प्रदेश अध्यक्ष बनने को लेकर नए समीकरण की चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जैन समाज को करीब 12 साल पहले अल्पसंख्य का दर्जा मनमोहन सिंह सरकार ने 2014 में अपने कार्यकाल के अंतिम दौर में दिया था। इन 12 सालों में कई समीकरण राजनीति में भी अल्पसंख्यक खेमे के अन्दर बदले हैं। इस बार भाजपा मुस्लिम समाज के बजाए जैन समाज से जुड़े लोगों को प्रदेश की कमान सौंपना चाह रही है, उसी कड़ी में नया सियासी समीकरण बनते दिख रहा है। इंदौर से जुड़े अखिलेश शाह की दावेदारी प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के मुखिया के रूप में होने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में चल रही है। शाह अपने पुराने संबंधों को भी भुनाने की जुगत में लगे हैं। भाजपा भी चाह रही है कि अल्पसंख्यक मोर्चा में जैन समाज को प्रदेश का दायित्व सौंपा जाए। भाजपा यही चाहती है कि अल्पसंख्यक मोर्चा से केवल मुस्लिम समाज के नेताओं को ही सीमित नहीं रखा जाए, बल्कि अब जैन समाज से जुड़े नेताओं को आगे लाया जाए, जैन के बाद भाजपा की रणनीति यही है कि सिख समाज और अन्य अल्पसंख्यक समाज को आगे किया जाए। अभी इसी कड़ी में भाजपा जैन समाज को प्रदेश स्तर पर कमान देने की योजना के समीकरण में अब अखिलेश शाह की दावेदारी मजबूत दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि वक्फ बोर्ड में सनव्वर पटेल की नियुक्ति फिर से हुई है, इसलिए अब अल्पसंख्यक मोर्चा में जैन की नियुक्ति के रूप में अखिलेश शाह का नाम प्रमुखता से सामने आया है। अब देखना है कि शाह अपनी राजनीतिक उड़ान को प्रदेश तक उड़ा पाते हैं या फिर इंदौर तक ही सीमित रह पाते हैं। उम्मीद पूरी बनी है कि शाह अल्पसंख्यक मोर्चा की कमान संभाल लेंगे।

# मेंदोला और शुक्ला को देखकर गुप्ता पलट गए थे

### प्रदेश अध्यक्ष ने बुलवाया क़हा-इंदौर के ही है लोग, एल्डरमेन और जीतू पर हुई चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिलने अलग-अलग समय इंदौर के कई विधायक पहुंचे थे। विधायक रमेश मेंदोला और गोलू शुक्ला एक साथ पहुंचे थे। प्रदेश अध्यक्ष से उन्होंने एल्डरमेन और जीतू यादव के मुद्दे पर चर्चा की ही थी कि इसी दौरान पूर्व विधायक और बैतूल प्रभारी सुदर्शन गुप्ता भी वहां पहुंच गए। गुप्ता ने जब देखा कि मेंदोला और शुक्ला की चर्चा चल रही है तो वे वापस बाहर पलट गए। इस पर हेमंत खंडेलवाल ने सुदर्शन गुप्ता को अन्दर बुलवाया और कहा कि सभी इंदौर के ही लोग है बैठ जाओ, इस पर गुप्ता गोलू शुक्ला के समीप बैठ गए और बैतूल से संबंधित चर्चा भी इस दौरान की गई। उल्लेखनीय है कि कल ही जीतू यादव की भाजपा में वापसी हुई थी और वापसी के बाद ही मेंदोला व शुक्ला वहां पहुंचे थे। संभवतः एमआईसी सदस्य पुनः जीतू को बनाने और पुराना विभाग देने पर चर्चा हुई थी उसके पहले ही महापौर को भोपाल से जीतू की वापसी का संकेत मिल चुका था और महापौर ने जीतू यादव की वापसी के आदेश के पहले विद्युत विभाग अस्थाई रूप से एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान को दे दिया। अब चौहान के पास राजस्व के साथ विद्युत विभाग का दोहरा काम है और भाजपा में वापस आकर भी अभी जीतू यादव खाली हाथ है। आने वाले दिनों उन्हें यह पद इसलिए मिल सकता है कि एक एमआईसी का पद विधानसभा 2 में विधायक रमेश मेंदोला के कहने पर देना है और मेंदोला की पहली पसंद जीतू यादव ही है।

## जिला भाजपा ने नियुक्ति में लगा दिया अम्बार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, जिला प्रभारी शैलेन्द्र डागा की सहमति से जिला इकाई में अलग-अलग स्तर की नियुक्ति की घोषणा की। इनमें विशेष आमंत्रित सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य जिसमें केन्द्रीय मंत्री, मंत्री, सांसद, राज्यसभा सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, निवृत्तमान जिला अध्यक्ष और प्रदेश के नेताओं को भी शामिल किया। वहीं जिला कार्यसमिति के सदस्यों की भी घोषणा की। जिला कार्यसमिति में 62 सदस्यों को शामिल किया गया। कुल मिलाकर तीनों स्तर की नियुक्ति में अम्बार लगा दिया गया। जिले की चार विधानसभाओं से सभी का समावेश वरिष्ठ नेताओं से लेकर अन्य का किया गया है।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती तक करेगी भाजपा कार्यक्रम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश भाजपा ने संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती को लेकर 5 चरण में अलग-अलग कार्यक्रम करने के निर्देश सभी नगर और जिला भाजपा को दे रखे हैं। 20 फरवरी 2027 को रविदास जयंती के कार्यक्रम मुख्य रूप से होंगे उसके पहले भाजपा समाजजनों के साथ संतों के साथ जोड़कर 5 चरणों में काम करेगी।

## गुड्डू को 'विद्युत' थमाकर 'लाइट' में आ गए महापौर

### 19 माह से खाली पड़ा था एमआईसी का विभाग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पार्षद कमलेश कालरा कांड के बाद से पूर्व एमआईसी सदस्य एवं पार्षद जीतू यादव का भाजपा से निष्कासन किया गया था। उनके निष्कासन के बाद से उनका विभाग नगर निगम में रिक्त था। उसका प्रभार महापौर पुष्यमित्र भार्गव के पास था। इस कांड में जब जीतू यादव को क्लीन चिट मिली तो कल उनकी भाजपा में वापसी हो गई। उनकी वापसी पर चर्चा इसलिए बढ़ गई क्योंकि भाजपा में आने के दो घंटे पहले महापौर ने विद्युत विभाग निरंजन चौहान गुड्डू को दे दिया।

बीते 19 माह से जीतू यादव भले ही भाजपा में नहीं थे लेकिन उन्होंने हर कार्यक्रम भाजपाइयों के संरक्षण में किया। वे इस दौरान यही बोलते नजर आए कि उन्हें पार्टी ने निकाला है वे तो पार्टी में ही है। कल जब उनकी वापसी हुई तो निश्चित माना जा रहा था कि उन्हें एमआईसी में उनका विद्युत यांत्रिक विभाग भी मिल जाएगा, लेकिन उनके वापसी के लेटर आने के पहले ही महापौर ने एक लेटर निकाला जिसमें विद्युत विभाग का अतिरिक्त प्रभार निरंजन चौहान को दे दिया, जबकि चौहान के पास राजस्व विभाग भी है। राजनीतिक गलियारों में अब इस मामले में जमकर चर्चा है। जीतू यादव मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला के खास माने जाते है। जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव का झुकाव भी शुरूआत में इसी खेमे की ओर नजर आता था लेकिन बीते कुछ दिनों से शहर के राजनीतिक समीकरण में बदलाव हुआ है। खुले मंच से मंत्री विजयवर्गीय ने तंज भी कसा था कि महापौर ने मेरी बैठकों में आना बंद कर दिया है। अब कल महापौर के द्वारा जब विद्युत विभाग गुड्डू को थमाया तो वे लाइट में आ गए।

> **यादव की भाजपा में वापसी होने के पहले मेयर ने निरंजन को दे दिया विभाग**

## मंत्री समर्थक बेग तीसरी बार उमराह यात्रा पर रवाना

### समर्थकों ने किया इस्तकबाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



मंत्री तुलसीराम सिलावट समर्थक और संस्था सर्वधर्म से जुड़े मंजूर बेग के साथ शकील खान उमराह यात्रा के लिए रवाना हुए। मंजूर बेग तीसरी बार उमराह यात्रा पर जा रहे हैं। यह अवसर कम ही लोगों को मिलता है। इस अवसर पर बेग और खान का इस्तकबाल किया गया। मौजूद लोगों ने कहा कि तीन बार उमराह करने का अवसर बहुत कम लोगों को मिलता हैं। इस अवसर पर रियाज खान, रवीश पचौरी, माहिर शाह वारसी, इदरीस बाबा, डॉ. अकबर काजी, ज़ाकिर खाऩ, सोहेल पठान, मोहम्मद अकबर, समीर बेग, फ़ैज़ान बेग, तहसीन खाऩ, असद खाऩ, सरफ़राज़ खाऩ, मुकेश बजाज, जुनेद खाऩ, इक़बाल खाऩ, मासूम अली, नौशाद खाऩ, सादिक़ खाऩ, सलमान खाऩ मौजूद थे।

## लश्करी मंदिर पर आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गौराकुंड पर श्री पार्श्वनाथ भगवान के निर्वाण दिवस मोक्ष सप्तमी के अवसर पर आज सुबह निर्वाण लाडू अर्पण किया गया। वीरेन्द्र बड़जात्या, चंद्रप्रकाश गंगवाल, प्रिंस काला, राजू शाह,



कमल लुहाड़िया, भरत बड़जात्या, योगेन्द्र लुहाड़िया, अनिल चौपड़ाअंकित जैन, जम्बू शाह, कमल जैन, प्रवीण जैन,ऋषि बड़जात्या, राजकुमार जैन, हेमू बड़जात्या, धनकुमार पहाड़िया, गौरव जैन, पदम वेद, बसन्त बड़जात्या,पदम बाकलीवाल, अशोक लुहाड़िया राजा पाटनी, सरिता जैन, सीमा बड़जात्या, तिलकमती गंगवाल, स्नेहलता गंगवाल, सरोज जैन, संगीता बड़जात्या, श्यामा जैन, प्रिया जैन, डॉली जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## भगवान पारसनाथ को अर्पण किए 300 किलो के लाडू

### श्रद्धालु भी पहुंचे थे दलालबाग अलग-अलग लाडू लेकर



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दलाल बाग में राष्ट्र संत मुनि सुधा सागर महाराज के सुबह प्रवचन चल रहे हैं। आज प्रवचन के बाद 300 किलो निर्वाण लाडू भगवान को अर्पण किए गए हैं। प्रवचन में इतना रस था कि समय में देरी हो गई और लाडू चढ़ाने में भी आज देरी हुई। जैन श्रद्धालु बड़ी संख्या में संत के प्रवचन और लाडू अर्पम में मौजूद रहे। आज श्रद्धालु घर से भी निर्वाण लाडू अर्पित करने के लिए लाए थे।

# कनाडिया रोड से खजराना मंदिर तक होगा लिंक रोड का निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा कनाडिया रोड से लेकर खजराना गणेश मंदिर तक लिंक रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत विज्ञापन लगाने की अनुमति के आधार पर शहर के 22 चौराहों पर नए ट्रैफिक सिग्नल लगाने का फैसला लिया गया है।**

यह फैसला कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में महापौर सभाकक्ष में मेयर इन कांउसिल की बैठक में लिया गया। बैठक में इंदौर शहर को स्वच्छता के साथ-साथ पीपीपी मॉडल पर किये जाने वाले कार्यो के संबंध में निर्णय लिये गये है। रणजीत हनुमान मार्ग पर स्थित ब्रह्मलीन श्री लक्ष्मणसिंह गौड उद्यान परिसर में इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल के निर्माण उपरान्त पी.पी.पी. मोड पर संचालन-संधारण के संबंध में निर्णय लिया गया, अवैध कालोनियों में स्थित निजी संपत्तियों के पूर्ण स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध होने पर अधिभोगी/अधिवासी के आधार पर सम्पत्तिकर खाता खोला जाएगा। बैठक में संपत्तियों के नामातंरण प्रक्रिया के सरलीकरण एवं सुलभ बनाने हेतु एसओ पी तैयार करने की स्वीकृति दी गई, साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण अथवा शासकीय भूमि का संपतिकर जमा नही करने पर भी बैठक में निर्णय लिया गया। देवगुराड़िया में पीपीपी आधार पर 60 टीपीडी नारियल निपटान अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए एजेंसी का चयन की स्वीकृति, डोमेस्टिक बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिये निगम स्वंय कार्य करेगा। ग्रीष्मकाल में नागरिको को स्वच्छ व सुलभ जल प्राप्त हो इसके लिये सम्पवेल पर क्लोनिरेटर व अन्य संयंत्र लगाये जावेगे। राजकुमार ब्रिज के पास प्लेटफार्म क्रमांक 5 व 6 के सामने स्थित चंद्रयान प्रतिकृति निर्माण संबंधी कार्य के शेष कार्य को पूर्ण करने एवं सौंदर्यीकरण व संधारण हेतु एच.डी. वायर प्रा.लि. को अधिकृत किया गया। मेसर्स जयदीप इस्पात एण्ड एलॉयज प्रा.लि. द्वारा सी.एस.आर. के अन्तर्गत पलासिया चौराहा को गोद लेकर आय लव इंदौर के साथ ही अखण्ड भारत थीम आधारित स्मारक स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सुभाष नगर तथा वल्लभ नगर मार्केट पर निगम नया मार्केट बनाने के लिये कार्यवाही करेगा। निगम में कार्यरत मस्टर श्रमिको को कलेक्टर जिला इंदौर के निर्धारित नवीन दर से पारिश्रमिक दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। श्री गणेश उत्सव समारोह के तहत प्रति वर्षानुसार अनंत चौदस पर निगम चल समारोह में अपनी झांकी निकालेगा। श्री गणेश उत्सव के लिये अंशदान भी स्वीकृत किया गया। साथ ही बैठक में कनाडिया रोड से खजराना मंदिर तक लिंक रोड निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई। फूटी कोठी फ्लाय ओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध रिक्त भूमि पर स्मार्ट हब का पीपीपी मॉडल पर विकास व संचालन एवं संधारण की स्वीकृति, शहर में 70 नवीन गेन्ट्रियों का निर्माण कर 10 वर्षो के लिए विज्ञापन के अधिकार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाएगी। स्मार्ट सिटी द्वारा आई टी एम एस अंतर्गत विज्ञापन के आधार पी पी पी मोड पर चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाने की अनुमति दी गई।

**आईटीएमएस अंतर्गत विज्ञापन के आधार पीपीपी मोड पर चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की अनुमति**

# भूतेश्वर महादेव दूल्हे के श्रृंगार में भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भूतेश्वर महादेव मंदिर पचकुइया की शाही सवारी सावन के अंतिम सोमवार 24 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे पंचकुइया स्थित मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर लगभग 10 किमी का भ्रमण कर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। भगवान भूतभावन भोलेनाथ इस यात्रा में दूल्हे के रूप में करीब पांच क्विंटल सुगंधित फूलों, बिल्व पत्रों से सुसज्जित रथ और पालकी में विराजित होकर अपने भक्तों का कुशलक्षेम जानने और दर्शन देने निकलेंगे।अभी सावन मास में बिल्व पत्र से 24 घंटे भूतेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की जा रही है जिसका भी रिकार्ड बनने वाला है। हरीशानंद तिवारी एवं आचार्य पं. यतीन्द्र तिवारी ने बताया कि यात्रा के दौरान 200 से अधिक मंचों से भगवान और भक्तों का स्वागत होगा।

# जिंसी की सड़क पर पानी, ड्रेनेज की लाइन 15 दिन में डालें



## खड़े गणपति सड़क निर्माण कार्य तेजी से करने के निर्देश

**इंदौर।** निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा है कि जिंसी की सड़क पर पानी और ड्रेनेज की लाइन डालने का काम 15 दिन में पूरा किया जाएं। खड़े गणपति की सड़क के निर्माण के काम में तेजी लाई जाएं। प्रातः शहर की मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। सिंघल द्वारा लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहा से जिन्सी चौराहा होते हुए नेमी नाथ चौराहा तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का अवलोकन किया गया। इस दौरान आयुक्त द्वारा किए गए निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के साथ ही निर्माणाधीन सड़क का जलप्रदाय और सीवरेज पाइपलाइन डालने का कार्य 15 दिन में पूर्ण करने और एक ओर की सड़क लाइन को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा खड़े गणपति से स्कीम नंबर 51 होते हुए टिगरिया बादशाह तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का भी अवलोकन किया गया। आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सिंघल द्वारा एम आर 4 मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान एम आर 4 पर रेलवे बोगदे तिराहे को यातायात और सौंदर्य करण की दृष्टि से सुव्यवस्थित सुंदर बनाने के लिए प्लान बना कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### सीएसआई को नोटिस

इसके साथ ही आयुक्त द्वारा ज़ोन क्रमांक 11 के अंतर्गत आरएनटी मार्ग, सरवटे बस स्टैंड, मधु मिलन चौराहा एवं आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर जोन क्रमांक 11 सीएसआई राजेंद्र बेगा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# नगर निगम चुनाव में परिसीमन को लेकर संशय की स्थिति

## राज्य निर्वाचन कार्यालय ने सरकार को भेजा परिसीमन करने का प्रस्ताव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**नगर निगम के चुनाव में परिसीमन को लेकर संशय की स्थिति है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के द्वारा राज्य सरकार को परिसीमन करने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।**

अगले वर्ष 2027 में पूरे मध्य प्रदेश में नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव होना है। इस चुनाव के लिए तैयारी शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के द्वारा यह चुनाव कराए जाएंगे। इस चुनाव को करने के लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से एक चिट्ठी राज्य सरकार को भेजी गई है। इस चिट्ठी में राज्य सरकार से कहा गया है कि सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में वार्ड के परिसीमन के कार्य को अंजाम दे। स्थानीय निकाय के इस चुनाव में सरकार को ही परिसीमन का कार्य करवा कर राज्य निर्वाचन कार्यालय को भेजना होता है। इसके लिए राज्य निर्वाचन कार्यालय के द्वारा एक चिट्ठी मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग को भेजी गई है। इस चिट्ठी में कहा गया है कि सभी स्थानीय निकाय में परिसीमन का कार्य कर निर्वाचन कार्यालय को सूचित किया जाए। अभी राज्य सरकार की ओर से परिसीमन का कार्य करने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। इस बारे में पूछे जाने पर राज्य निर्वाचन कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि परिसीमन करवाना है या नहीं करवाना है यह फैसला राज्य सरकार को लेना है। इस बारे में निर्वाचन कार्यालय की ओर से भेजे गए पत्र राज्य सरकार पर बंधनकारी नहीं है। सरकार चाहे तो परिसीमन करवाए और चाहे तो नहीं करवाए। इस तरह से अब नगर निगम के चुनाव को लेकर वार्डो का परिसीमन किए जाने के मामले में संशय की स्थिति बनी हुई है।

# मेवानगर की तर्ज पर भगवान पार्श्वनाथ व नाकोड़ा भैरव देव का मंदिर बनेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस को संचार नगर-कनाड़िया स्थित आगामी नवीन प्रोजेक्ट में मंदिर निर्माण के लिए स्थान उपलब्ध कराने की घोषणा अनिल डोशी ने की है। अब इस घोषणा के बाद भगवान पार्श्वनाथ और नाकोड़ा भैरव देव का मंदिर बनने का रास्ता प्रशस्त होगा। बताया जा रहा है कि मेवानगर की तर्ज पर ही यह मंदिर संचार नगर कनाड़िया में बनेगा। इस घोषणा पर श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन एवं मध्यप्रदेश समन्वयक सौरभ कोठारी ने श्री डोसी की घोषणा की अनुमोदना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ दादा एवं श्री नाकोड़ा भैरव देव के मंदिर का निर्माण समाज के लिए आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मनीष सुराणा, राजेश जैन युवा, पुण्यपाल सुराणा, प्रकाश भंडारी, विमल नाहर, निलेश जैन, अजय व्होरा, प्रमोद चोरड़िया, नरेंद्र डांगी की मौजूदगी में मंदिर निर्माण की घोषणा की गई। महत्वपूर्ण बात यह है कि मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ दादा एवं अधिष्ठायक श्री नाकोड़ा भैरव देव की प्रतिमाओं का स्वरूप भी उसी अनुरूप रखने की योजना है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक प्रकल्प नहीं, बल्कि समाज की आस्था, एकता और श्रद्धा का केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। आने वाले समय में प्रोजेक्ट की विस्तृत रूपरेखा एवं निर्माण संबंधी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# पर्यटन विभाग शुरू करेगा इंदौर दर्शन अभियान

## विशेष बस लोगों को लेकर इंदौर के प्रमुख स्थलों का कराएगी भ्रमण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मध्यप्रदेश शासन के पर्यटन विभाग के द्वारा इंदौर दर्शन अभियान शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत विशेष बस लोगों को लेकर इंदौर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराएगी।**

पहले के समय पर प्रमुख शहरों में वहां के प्रमुख स्थलों का भ्रमण करने के लिए विशेष बस चलाई जाती रही है। देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भी इस तरह की बस की सुविधा मौजूद है। मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग के द्वारा इंदौर में भी यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि इंदौर में प्रमुख स्थलों का भ्रमण करने के लिए विशेष बस का संचालन करने में रुचि रखने वाले फर्म को यह काम सौंपा जाएगा। इस इंदौर दर्शन बस के माध्यम से पर्यटकों को इंदौर का राजवाड़ा पैलेस, कृष्णपुरा की छतरियां, कांच मंदिर, राला मंडल अभ्यारण्य, लालबाग पैलेस और पातालपानी का झरना दिखाया जाएगा। इस सेवा को शुरू करने की तिथि तो अभी निश्चित नहीं की गई है लेकिन इस सेवा का संचालन करने में रुचि रखने वालों से 17 सितंबर तक उनके प्रस्ताव बुलवाए गए हैं। इस तरह की बस सेवा शुरू होने से व्यक्ति आसानी से इंदौर के प्रमुख स्थलों का बिना किसी समस्या के दौरा कर सकेगा। अभी किसी भी पर्यटक को इन सभी स्थानों पर जाना होता है तो अलग-अलग गाड़ियां करके जाना पड़ता है जिससे कि खर्च भी ज्यादा होता है और बराबर दौरा भी नहीं हो पाता है।

### 5 शहरों में शुरू होगी यह व्यवस्था

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के द्वारा प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में इस तरह नगर भ्रमण की व्यवस्था को शुरू किया जाएगा। इन शहरों में इंदौर के अलावा भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन भी शामिल है। धार्मिक नगरी उज्जैन में जाने वाले लोगों को महाकालेश्वर मंदिर, महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, रामघाट, काल भैरव मंदिर, भरतरी की गुफा, मंगलनाथ का मंदिर, जंतर मंतर और त्रिवेणी म्यूजियम का दौरा कराया जाएगा।

# कचरा व गंदगी मिलने पर सीएसआई व दरोगा का काटा वेतन

## *आयुक्त द्वारा अमृत प्रोजेक्ट विकास कार्यों का निरीक्षण*

### सीएसआई के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के तहत पैकेज 4 के विकास कार्यो एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, सहायक यंत्री आकाश जैन, झोनल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे। आयुक्त सिंघल द्वारा अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के पैकेज 4 के अंतर्गत झोन क्रमांक 15 एवं झोन क्रमांक 21 के अंतर्गत सुदामा नगर ए व डी सेक्टर, विदुर नगर, कुंदन नगर, अहीरखेडी आदि क्षेत्र में किये जा रहे सीवर लाइन कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी को निर्माण कार्य होने के पश्चात नागरिको की सुरक्षा व वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए, कार्य स्थल पर कांक्रीट से रेस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश दिये गये। झोन क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 83 के अंतर्गत सुदामा नगर ए व डी सेक्टर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के दौरान सुदामा नगर क्षेत्र में कचरा व गंदगी मिलने पर झोन क्रमांक 15 सीएसआई संदीप डांगी व वार्ड 83 दरोगा हेमराज गोगलिया का 1-1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 79 अंतर्गत अहीरखेडी व अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में कचरा व गंदगी मिलने व कचरा पॉइन्ट मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, झोन 21 सीएसआई मनीष चन्द्र के विरूद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिये गये तथा वार्ड 79 दरोगा व सहायक दरोगा अवधेश गौहर व दीपक साल्वे का 1-1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये।

## बगैर नोटिस के किसान से अधिग्रहण पर आपत्ति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा के ग्राम सोलिंसदा, बामनखेड़ी में पैतृक खेती किसान लक्ष्मीनारायण पिता नाथूलाल खाती खसरा नं. 5/3/1/1/1 पर करते आ रहे हैं। इस जगह के पास से नेशनल हाईवे पश्चिमी रिंगरोड सिक्स लेन रोड के लिए जमीन को अधिग्रहण करने के लिए जुगत की जा रही है। किसान का कहना है कि उनके पास भूमि अधिग्रहण के लिए किसी तरह का सूचना पत्र नहीं आया, फिर भी उनकी जमीन को बगैर मुआवजा दिए, बगैर सूचना दिए अधिग्रहण कर लिया गया है, जबकि अड़ोस-पड़ोस की जमीनों को नोटिस भी दिए गए हैं और उनको मुआवजे की बात भी की गई है। इस मामले में फरियादी किसान ने कई बार कलेक्टर कार्यालय में भी सूचना दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, मामले को न्यायालय में भी ले जाया गया है।

## गोगादेव समिति में राजपाल मेलाने अध्यक्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ के अध्यक्ष सूरज गौहर ने बताया की वाल्मीकि समाज के आराध्य देव वीर गोगा देव चौहान का जन्मोत्सव आगामी 5 सितम्बर को मनाया जाना है। 28 वस्तियो से करीब 70 निशान (छड़ी) एवं झांकिया निकाली जाएगी। श्रेष्ठ निशान और झांकियों को पुरस्कृत किया जाता है उसके लिए समितियों का गठन किया गया है। अध्यक्ष राजपाल मेलाने, संयोजक राकेश सोलंकी, कार्यवाहक अध्यक्ष नितेश टांक, उपाध्यक्ष सतपाल करोड़े, सोरभ डागर महामंत्री रानू सेन, संगठन मंत्री राहुल अजयपाल, कोषाध्यक्ष प्रथम पाल, सचिव श्याम शर्मा, सहसचिव जितेन्द्र बाबा, प्रवक्ता निकेता गौहर एवं मोहित बांगर, प्रेमनाथ गौहर, विकास गौहर, भोला कंडारे कार्य कारिणी सदस्य मनोनीत किये गए।







## कब्रिस्तान में घास की कटाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। धार रोड स्थित नूरानी नगर कब्रिस्तान में बरसात के कारण घास बड़ी-बड़ी हो गई थी। यहां कई बार सांप और अन्य जीव जन्तू नजर आए, तो कमेटी के सदर इमामुद्दीन तिगाला और उनकी टीम ने घास कटाई का काम करवाया। लाइट और कब्रों में पानी भराने की समस्या का निराकरण भी किया गया। कब्रिस्तान में तालाब से मंगवाई गई 52 डम्पर मिट्टी भी डलवाई गई। इस कब्रिस्तान से जुड़े लोगों ने इमानुद्दीन तिगाला के प्रयास की सराहना की।

# आधा किलो प्लास्टिक लाएं, पाएं एक पौधा पर्यावरण संरक्षण की लिए निगम की पहल

### कल 20 से 30 अगस्त तक सेंटरों पर विशेष अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न अभिनव गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्लास्टिक कचरे के उचित संग्रहण, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के समस्त आरआरआर पुनः उपयोग रीसायकल सेंटरों पर 20 अगस्त से 30 अगस्त तक विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत शहरवासी अपने घरों, कार्यालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में अनुपयोगी पड़े प्लास्टिक को एकत्रित कर अपने नजदीकी आरआरआर सेंटर पर जमा कर सकते हैं। नागरिक द्वारा कम से कम आधा किलो प्लास्टिक जमा करने पर उसे एक पौधा प्रदान किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय उसका उचित संग्रहण एवं पुनर्चक्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही प्लास्टिक के बदले पौधा प्रदान कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली एवं पौधारोपण से जोड़ना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए 15 स्थानों पर आरआरआर सेंटर बनाए गए है, जो अलग-अलग झोन के अलग-अलग वार्ड में है।

# मिलादुन्नबी पर परचम जुलूस और जियारत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ईद मिलादुन्नबी का पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। 25 अगस्त की रात 12 बजे से मूए मुबारक की जियारत कई जगह पर होगी। कई विद्वानों की तकरीर होगी। जामा मस्जिद के अब्दुल हक गौरी ने बताया कि पर्व पर जामा मस्जिद में रात 12 बजे से सुबह फजर तक नातिया कार्यक्रम होंगे। लंगर भी तकसीम किया जाएगा। 26 अगस्त की सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक महिलाओं के लिए जियारत कार्यक्रम होगा। इधर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से सुबह से परचम के जुलूस अलग-अलग निकाले जाएंगे। बड़ी संख्या में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल होंगे। गफूर खाँ की बजरिया मस्जिद में रात भर तकरीर व नातिया प्रोग्राम होगा और फजर की नमाज से मूए मुबारक की जियारत कराई जाएगी। इसी प्रकार जूना रिसाला बड़ी मस्जिद में भी मूए मुबारक जियारत कराई जाएगी। 25 अगस्त 2026 को ईद मिलादुन्नबी पर सुबह फजर की नमाज के बाद शहर जामा मस्जिद से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकलेगा जो गफूर खाँ की बजरिया होता हुआ बड़वाली चौकी मोहम्मदी बिल्डिंग पर पहुँच कर देश में शांति और अमन की दुआ की जाएगी। अलग-अलग आयोजन में मुफ्ती-ए-मालवा नुरुल हक नूरी, मुफ्ती अहमद यार खाँ, हाफिज जुनैद, मौलाना अब्दुल वहाब तकरीर करेंगे। जुलूस में मोईनउद्दीन रजवी, मोहम्मद अफजल पठान, सद्दाम पठान, हाजी रियाजउद्दीन, मो. गुलरेज, मो. आरिफ बरकाती, पार्षद अनवर दस्तक, सलीम कुरैशी अपनी भूमिका निभाएंगे।



## 10 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को किया सम्मानित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में साप्ताहिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने कर्तव्य क्षेत्र में उल्लेखनीय, उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाया जा रहा है। कल इंदौर पुलिस के उल्लेखनीय कार्यों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 10 अधिकारी/कर्मचारियों को अति. पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह ने सम्मानित किया। इनमें अधिकारी अभिषेक रंजन, ओमप्रकाश, आरक्षक बालकृष्ण मेवाडा, आरक्षक प्रकाश मंडलोई, आरक्षक अमित खत्री, विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल, महिला आरक्षक निकिता जोशी, आरक्षक रविकांत शर्मा, आरक्षक अरविन्द पटेल, आरक्षक सुमंत सिंह प्रमुख है जिन्हें सम्मानित किया गया।



## पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचे 107 आवेदक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर खुद जनता की जनसमस्या के लिए मौजूद रहे। संतोषकुमार सिंह द्वारा कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित जनसुनवाई में 107 लोगों के आवेदन लेने के साथ उनकी समस्याओं को भी सुना और कई मामले हाथों हाथ सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को भी दिए।

# कसेरा बाजार स्कूल के मेधावी छात्रों का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के गत वर्ष के मेधावी छात्रों का ट्रस्ट और संचालक मंडल के पदाधिकारियों ने मंच से स्वागत किया। इन्हें शील्ड देकर बारी-बारी से सम्मानित कर सामूहिक सम्मान भी किया। इन विद्यार्थियों में अकसा शेख, मत्यांश मालवीय, यशस्वी चौहान, अनाया धूरिया, देविसा पिपले, हेतवी भगत, कनिष्का बेटव, धीमही तिवारी, अमय कार्निक, समर्थ मालवीय, महिका माहेश्वरी, रिद्धिमा निम, विदित तिवारी, दृष्टि जमानी, सार्थक धाकड़, विनायक गंगराड़े, फरदीन शेख, वंशिका वर्मा, विवान बचाने, प्रांशी सगोरे, अंशिका शर्मा, एकांशसिंह टोडरमल, राघव सोनी, भव्या डुडवे, श्रेयांश धीमान, शौर्य चौहान, श्रेयांश शर्मा, भव्या गुप्ता, अफसाना खातून, ख्वाइश होल्कर, मिष्ठी चौहान, निशा नागदेव, तवीषा कुशवाह, नील मुंशी, धीयांशी मौर्य, पूर्ण मेहता, नित्या भटवानी, मिश्का मेघाणी, अविका पाठक, नित्या गुप्ता, सौम्य दुधानी, गोरीश उपाध्याय, मो. फरहान, पूरब खटवानी, स्वयं शिवलानी, खुशी पटानकर, तनिष्क जैन, शोखी जैन, रूपराज कटारे, ऐश्वर्या जैन मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। मेधावी के बाद चार ऐसे विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, ,जिनकी गत वर्ष 100 प्रतिशत उपस्थिति थी उन्होंने कोई छुट्टी वर्ष भर में नहीं ली। इनमें तनिश तेजावथ, धीयांशी मौर्य, पूरब खटवानी, दृष्टि जमानी का भी मंच से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के महेश मूंगड़, शिव गर्ग, कन्हैयालाल साधवानी, सुभाष गोयल, प्रकाश कुकरेजा, राजेश मित्तल लाला, सतीश गोयल, नरेन्द्र मेहता, मनोहर भूतड़ा, हीरालाल रहेजा, राकेश मेहता, सुरेश जाजू, विजय शादिजा, जीवन परियानी, प्रीतेश भूतड़ा, प्रहलाद वर्मा पप्पू, राज अग्रवाल, रामू अग्रवाल, विजय गट्टानी, नीरज नीमा, प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, इंचार्ज परबजीत, मोनिका मंत्री, रिद्धि शर्मा, हिमानी शर्मा एवं खुशबू नागर, निधि शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## चार विद्यार्थी ऐसे भी जिन्होंने वर्ष भर में एक भी नहीं ली छुट्टी वे भी हुए सम्मानित

# रणजीत महिला मंडल ने किया आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री रणजीत महिला मंडल ने कल सावन मास में फुहार मेले का आयोजन कर बच्चों के बीच फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रही उषा सागरमल खटोड़ एवं सचिव निशा भूतड़ा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। नए पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई। फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता में ममता काकाणी विजेता रही जिनका सम्मान किया गया। नए अध्यक्ष के रूप रेखा अनिल काकाणी, सचिव के रूप में प्रतिभा ने शपथ ली। आभार प्रतिभा राठी ने माना। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा रणजीत के भक्त और समाजसेवी सागरमल खटोड़, उषा खटोड़, निशा भूतड़ा, रेखा काकाणी, प्रतिभा राठी ने किया। कार्यक्रम के अतिथि प्रकाश शारदा अजमेरा का स्वागत भी किया गया।

# माहेश्वरी महासभा चुनाव के उम्मीदवार पहुंचे तो हुआ स्वागत

## तीन दिवसीय दौरे पर आए अलग-अलग पद के दावेदार



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माहेश्वरी महासभा के मुख्य और अंचल के चुनाव 20 सितम्बर को अगले माह होना है और दो टीम आमने-सामने हैं। चुनावी रण में पदाधिकारी देश भर का भ्रमण कर रहे हैं और मतदाताओं से मत की गुहार कर रहे हैं। पश्चिमी म.प्र. के तीन दिवसीय दौरे के लिए यह टीम आज सुबह इंदौर विमानतल पर पहुंची जहां अशोक ईनानी के नेतृत्व में इस टीम का स्वागत किया गया। टीम त्रिभुवन काबरा पैनल के अध्यक्ष के उम्मीदवार त्रिभुवन काबरा, महामंत्री राजकुमार कालिया, संगठन मंत्री बाबूलाल मोहता, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोमानी, मध्यांचल उपाध्यक्ष उपसभापति दिनेश राठी, संयुक्त मंत्री मध्यांचल अनिल सोमानी आज सुबह विमानतल पर पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया। इंदौर से जुड़े महासभा के पूर्व संगठन मंत्री और युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे दिल्ली से ही इन सभी के साथ आज इंदौर पहुंचे। विमानतल पर स्वागत पुष्प माहेश्वरी, प्रकाश अजमेरा, मधुसूदन भलिका, रूपेश भूतड़ा, गौरीशंकर लखोटिया, राकेश लखोटिया, चेतन बियानी, विकास बांगड़, बलदेव जाजू, अशोक जाजू, जयंत गुप्ता ने किया। आज यह टीम प्रचार के लिए इंदौर से सनावद, खंडवा, कुक्षी के लिए निकली और रात को यह चुनावी टीम के उम्मीदवार उज्जैन पहुंच जाएंगे। कल सुबह उज्जैन में दर्शन कर कल दिन भर इंदौर में प्रचार-प्रसार करेंगे और कल रात 8 बजे माहेश्वरम में आयोजन भी है, जहां सभी महासभा कार्यकारी मंडल के सदस्य और वरिष्ठजन भी मौजूद रहेंगे।

# जन्माष्टमी पर यादव समाजजन रहेंगे जुलूस में मौजूद

## तैयारियां जारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी 4 सितम्बर को यादव अहीर समाज केंद्रीय समिति के तत्वावधान में सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहे से श्रम शिविर, जेल रोड तक परम्परागत शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा से 25 से अधिक संगठन जुडे है। यादव समाज परिवार सहित भगवान कृष्ण के जयकारों के साथ जुलूस में शामिल होंगे। इसके लिए न्यौता भी दिया जा रहा है। जुलूस में मथुरा-वृंदावन के लोक कलाकार भी शामिल होंगे तथा अनेक संगठन राधा कृष्ण पर केन्द्रित रंगारंग झांकियां भी बनाएँगे। इसकी व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीपू यादव ने बताया कि आयोजन को लेकर लगातार बैठक का दौर चल रहा है। महिला संगठन की मातृशक्तियों के बीच बैठकों का दौर जारी है। बैठक में दीपू यादव, मुन्नालाल यादव, रमेश उस्ताद, श्याम सुंदर यादव, रामसमुझ यादव, देवेन्द्र सिंह यादव, अनिल यादव, राजेंद्र कुमार यादव, चैनसिंह यादव, प्रवेश यादव, पिंटू यादव, नीरज यादव, कविता यादव, सुषमा यादव, अंजना यादव, चंद्रकांता यादव, ममता यादव. सुभाष यादव, राजेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद थे। इस शोभायात्रा की शुरुआत 24 वर्ष पहले पूर्व विधायक रामलाल यादव भल्लू ने की थी।

# सूर्यदेव को ग्रहण करते नजर आए अलीजा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर सावन के सोमवार और मंगलवार को विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। हनुमानजी को सूर्यदेव ग्रहण लीला स्वरूप में सजाया गया। देर रात तक दर्शनार्थियों की कतार लगी रही। सुन्दरकांड पाठ का आयोजन भी हुआ। उक्त जानकारी मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।



# जोशी का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पालीवाल ब्राह्मण समाज 24श्रैणी संस्कृति एवं प्रगतिशील मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण डी जोशी के बनने पर उनका स्वागत किया गया। गोविन्द जोशी, सूरज जोशी, सचिन सिलोरा, मुकेश जोशी, राजेन्द्र जोशी, साईं राम, गोविंद जोशी, कैलाश जोशी, सतीश जोशी,शांतिलाल जोशी, मांगीलाल जोशी स्वागत में मौजूद थे।



# माहेश्वरी फ्रेंड्स ग्रुप की सभा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी फ्रेंड्स ग्रुप के दम्पति सदस्यों के लिए गार्डन में सभा का आयोजन किया। सावन मास में धार्मिक आयोजन भी किया, भगवान लड्डू गोपाल को झूले में बैठाकर दम्पति सदस्यों ने झूला झुलाया एवं तम्बोला भी खेला गया।



# बिल्व पत्रों से सजा रणजीत बाबा का दरबार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर कल बिल्व पत्र से विशेष श्रृंगार किया गया। हनुमानजी भगवान शिव का पूजन करते हुए नजर आए। उल्लेखनीय है कि बीते दो मंगलवार से अलग-अलग सामग्री से मंदिर सजाया जा रहा था जिसके बाद कल विशेष रूप से भगवान शिव को प्रिय बिल्व पत्र से मंदिर सजाया गया।

## रविदासपुरा से निकलेगी महादेव की यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिद्धेश्वर महादेव की पालकी यात्रा रविदासपुरा मंदिर छीपुरा बियाबानी 24 अगस्त सोमवार को सुबह 11 बजे से निकाली जाएगी जो सिलावटपुरा, वेंकटेश मंदिर, माहेश्वरी स्कूल से वापस रविदासपुरा आएगी। आयोजन से महिला मंडल भी जुड़ी हुई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। रास्ते में जगह-जगह स्वागत होगा।

# आगम वाचन एवं संस्कारों पर साध्वी के प्रवचन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में आगम वाचन एवं संस्कारों पर प्रेरणादायी प्रवचन हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में उपस्थित होकर संतों की वाणी का लाभ लिया। साध्वी पद्मकीर्तीजी महाराज साहब ने निरंतर चल रहे सुखविपाक सूत्र का वाचन करते हुए सुख प्राप्ति के मार्गों और जीवन में धर्म के महत्व को समझाया। उन्होंने आगम में वर्णित प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को बताया कि वास्तविक सुख केवल बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि शुभ भाव, सदाचार और धर्ममय जीवन से प्राप्त होता है। साध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने अपने प्रवचन में वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और संस्कारों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज आधुनिकता की दौड़ में हमारी भाषा, व्यवहार और पारिवारिक संस्कारों में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले माता-पिता के लिए हमारे शब्दों में सम्मान और अपनत्व झलकता था, लेकिन आज कई बार बच्चे मां को 'मॉम' और पिता को 'डैड' कहने लगे हैं। उन्होंने हास्यपूर्ण अंदाज में कहा कि अंग्रेजी में 'डेड' का अर्थ मृत होता है, तो हमें विचार करना चाहिए कि कहीं आधुनिक भाषा और व्यवहार के नाम पर हम अपने जीवित माता-पिता को भावनात्मक रूप से तो नहीं खो रहे हैं। उक्त जानकारी प्रकाश जैन भटेवरा ने दी।

## जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी का समस्या मार्गदर्शन समारोह कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिणपीठ नाणीजधाम, महाराष्ट्र के संत जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी महाराज का एक दिवसीय समस्या मार्गदर्शन एवं दर्शन समारोह कल गुरुवार, 20 अगस्त को स्कीम 71, गुमास्ता नगर स्थित दस्तूर मैरिज गार्डन में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। संजय बालापुरे और रमेश माहेश्वरी ने बताया कि इस आयोजन में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से हजारों श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है। जगद्गुरु श्री से व्यक्तिगत समस्या मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल पर ही सुबह 8 से 9 बजे के बीच निःशुल्क पर्ची वितरित की जाएगी।



## नेमी-राजुल की बारात निकाली गई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेमीनगर जैन कॉलोनी में आचार्य सुनील सागर म.सा. के सन्निध्य में भगवान नेमीनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर नेमी-राजुल की बारात निकाली गई। बारात के पश्चात भगवान नेमीनाथ के जीवन का वह मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जब विवाह के लिए ले जाए जा रहे पशुओं का करुण क्रंदन सुनकर उनका हृदय करुणा से भर उठा। इंद्रकुमार सेठी, संदीप गंगवाल, कैलाश लुहाडिया, संजय किरण कासलीवाल, गिरीश निर्मला पाटोदी, गिरीश साधना काला, शुभ्रा कासलीवाल, राजेश ममता बज, अंकित प्रिया जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# 742 छात्रों को 55 लाख की शिक्षा सहायता वितरण



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महाराजा अग्रसेन पारमार्थिक न्यास की ओर से ग़ीता भवन सत्संग हाल में 742 छात्रों को 55 लाख की शिक्षा सहायता वितरण का आयोजन किया गया। मप्र उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति श्री विनय सराफ ने बतौर अतिथि सार्थक उदबोधन भी दिया और कहा कि पिछले 3 दशकों से जिन प्रतिभावान बच्चों को शिक्षा सहायता मिल रही है, वे यदि अपने आसपास के जरूरतमंद बच्चों के साथ सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी शिक्षित बनाने का बीड़ा उठा लें तो निश्चित ही हम एक सभ्य और शालीन समाज की रफ़्तार को और अधिक गतिवान बना सकते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए काउंसिलिंग की जरूरत होती है, उस दिशा में भी काम होना चाहिए। समाजसेवी विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, अरविन्द बागडी, राम ऐरन, गणेश गोयल, संजय मंगल, अमिताभ सिंघल, एसएन गोयल, मनीष सिंघल, निर्मल अग्रवाल मौजूद थे।

## साहित्यकार गोष्ठी का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शब्द सागर समूह द्वारा मासिक साहित्यकार स्मरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुराने छायाकारों के व्यक्तित्व पर चर्चा हुई और काव्य पाठ किया गया। प्रगति बच्छावत, ओमप्रकाश लटियाल, दिनेश तिवारी, डॉ. सुरेंद्रनारायण सक्सेना, नमिता चौहान, निरल मंगला, शालिनी शर्मा शालू, उषा पटेल, मनीषा पटेल, सोनिया पाहुजा, डॉ. सुरेन्द्र सक्सेना, शीला बड़ोदिया, कल्याणी गुप्ता कृति, डॉ. अखिलेश राव, अनिल ओझा, पूनम सिंह, सुशील यादव साँझ द्वारा प्रस्तुति दी गई।

## महिलाओं ने किया कीर्तन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां काली आशा गोरी महिला मंडल द्वारा सावन मास में दशामाता मंदिर पर भजन किए गए। अध्यक्ष रश्मि प्रदीप शर्मा ने उक्त जानकारी दी।



## दो दिवसीय राखी एडिशन का आयोजन किया जाएगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रक्षाबंधन पर्व पर फैशन प्रेमियों के लिए 22 और 23 अगस्त को बॉम्बे हॉस्पिटल के पास स्थित होटल इन्फिनिटी में दो दिवसीय भव्य 'रंगरेज़ा बाई आरंभ' (राखी एडिशन) लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक होगा। बाहर से भी इस राखी के लिए लगे मेले में पारम्परिक कपडों की रेंज मिलेगी। वहीं ज्वेलरी और ट्रेंडी एक्ससेरीज भी इस प्रदर्शनी का मुख्य हिस्सा होंगी।



## सेन समाज महिलाओं ने मनाया महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शेखावाटी सेन समाज की महिलाओं ने लहरिया महोत्सव का आयोजन किया। चारभुजानाथ मंदिर में शिव-पार्वती परिवार की पूजा-अर्चना की गई। सावन और मानसून की थीम पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। उषा तुंदवाल, मणि वर्मा, राधिका सेन, मंजू अमेरिया, राधिका सेन, सुमित्रा मिर्दवाल, शीतल चौहान, खुशबू चौहान, सुनीता सेन, रिंकू मिर्दवाल, खुशबू सेन, डिना सेन शामिल हुईं।

## काम्बले कुटुम्ब स्नेह मिलन और सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महाराष्ट्रीयन काम्बले परिवार कुटुम्ब का स्नेह मिलन समारोह राजेंद्र माथुर सभागार में हुआ। इसमें काम्बले परिवार के सभी कुटुम्ब के सदस्यों को जो मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में निवासरत हैं, उन्हें एक मंच पर लाकर वरिष्ठ परिवारजनों का सम्मान एवं सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। निष्ठा पवन काम्बले, पलक मुकेश काम्बले, पार्थ काम्बले, हर्षी अविनाश काम्बले, प्रेरणा श्याम काम्बले, पवन काम्बले,





मनीष काम्बले ने प्रस्तुति दी। गेम शो भी आयोजित किए गए। श्याम काम्बले, मधुसूदन काम्बले, साधुराव काम्बले, प्रेम काम्बले, मनीष काम्बले, मुकेश काम्बले, गुणवन्त काम्बले, मनोज काम्बले, सुभाष काम्बले, जीतु काम्बले, सन्तोष काम्बले, पवन काम्बले, प्रेम काम्बले मौजूद थे।

## अग्र परिचय सम्मेलन की तैयारियां जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में अ.भा. अग्रवाल निशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन शुभकारज गार्डन में 19-20 सितम्बर को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। परिचय पुस्तिका से लेकर पूरी तैयारियां की जा रही है। 2 हजार प्रत्याशियों के आने की सम्भावना भी बताई जा रही है। राजेश जिंदल, अनूप सिंघल, मोहनलाल बंसल, गोपालदास गुप्ता, सतीश मंगल, ओमप्रकाश गर्ग कोल, श्याम बाबू बंसल, भावना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अरुण आष्टा, संजय पाटनी आयोजन से जुड़े हैं।

# 55 करोड़ खर्चकर री-डेवलमेंट प्रोजेक्ट के बाद अब लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन बनेगा ग्रीन मॉडल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के री - डिवेलपमेंट प्रोजेक्ट आधुनिकरण और सौंदर्यकरण कार्य पर रेलवे द्वारा करीब 55 करोड रुपए से ज्यादा खर्च किए गए थे। यही नहीं स्टेशन के नवीनीकरण कार्य पूरा होने बाद अब रेलवे रतलाम मंडल द्वारा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को ग्रीन मॉडल बनाने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत आधुनिक लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर रेलवे द्वारा रि डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत कई आधुनिक सुविधाओं के साथ अब पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप देने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत इस स्टेशन पर करीब डेढ़ सौ-पौने दो सौ के आसपास पौधे लगाकर इसे रेलवे ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित करने जा रहा है जिस पर काम भी शुरू हो गया है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक स्टेशन भवन की शुरुआत से लेकर नवीन स्टेशन की अंतिम छोर तक हरियाली और सुंदरता के लिए रेलवे द्वारा यहां करीब डेढ़ सौ से ज्यादा ऊंची हाइट वाले बड़े पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे ताकि ऐसे पौधे जल्दी पनप जाए और अपने हिसाब से तैयार हो जाए। इसके अलावा बड़े आकार के सजावटी और छायादार पौधों



का रोपण भी यहां किया जाएगा। इससे स्टेशन पर छाया भी रहेगी। साथ ही खूबसूरती और हरियाली के साथ पर्यावरण के हिसाब से भी स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर माहौल और पर्याप्त ऑक्सीजन मिलेगी। यही नहीं इसको लेकर रेलवे द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी है।

इसके अलावा इस नवीन तैयार स्टेशन भवन की डिजाइन इस तरह से तैयार की गई है कि दिन के समय यहां ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक रोशनी स्टेशन के भीतर प्रवेश कर सकें। जिससे यहां दिन में भी पर्याप्त रोशनी रहती है। यही नहीं स्टेशन के नवीन भवन में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था भी की गई है। जिससे बिजली की खपत भी कम होगी और बिजली की बचत भी होगी।

वहीं खास बात यह है कि रेलवे द्वारा इस तरह से नए लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर हरियाली और सुंदरता को ध्यान में रखते हुए पेड़ - पौधे लगाने की प्लानिंग कर काम शुरू करने से यात्रियों को इंदौर स्टेशन के बाद अब लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर भी पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और हरियाली ग्रीनरी के साथ छाया भी मिलेगी।

ग़ौरतलब है कि पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत आने वाले इंदौर स्टेशन पर तत्कालीन डीआरएम आर एन सुनकर द्वारा कुछ साल पहले हरियाली को लेकर अनूठे प्रयोग किए थे। जिसके अंतर्गत इंदौर रेलवे स्टेशन पर खाली प्लेटफार्म पर पटरियों के बीच खूबसूरती और ग्रीनरी के लिए पेड़ -पौधे लगाकर हरियाली अभियान की शुरुआत की थी। इसके साथ इंदौर स्टेशन पर बीच के करीब एक से डेढ़ किमी हिस्से में सैकड़ों पेड़ - पौधों की हरियाली नजर आती है। यही नहीं रेलवे द्वारा इंदौर जंक्शन पर लगे सालों पुराने आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में बचाकर इनको लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शिफ्टिंग करने की प्लानिंग भी है। इसके अलावा नए डेढ़ सौ पेड़ भी लगाए जाएंगे। यही नहीं इससे भविष्य में लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन ग्रीन मॉडल कहलाएगा।

## जर्जर सरकारी स्कूल भवन के बजाय अब मिलेगी नई इमारत की सौगात

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 63 में स्थित श्यामा चरण शुक्ला नगर बस्ती में सालों पुराने जर्जर शासकीय विद्यालय भवन को ध्वस्त कर जल्द ही यहां निगम आधुनिक शिक्षाकरण के तहत शाला प्रकोष्ठ के अंतर्गत लाखों रुपए खर्चकर यहां नवीन शासकीय स्कूल भवन का नवनिर्माण शुरू करेगा। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया भी चल रही है। वहीं दूसरे चरण में नवनिर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। वही उससे पहले पुरानी जर्जर इमारत को ध्वस्त करने को लेकर निगम द्वारा निविदा जारी की गई है। जिसके अंतर्गत इसी माह में पुरानी इमारत को तोड़कर जल्द ही यहां नवीन इमारत का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद मध्यवर्गीय परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे और नए भवन में आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। जहां आधुनिक शिक्षा स्मार्ट क्लास रूम में नए संसाधनों के साथ मिलेगी। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और वार्ड के पार्षद मृदुल अग्रवाल द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर लगातार प्रयास कर सालों पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त करने की मंजूरी के साथ यहां नवीन शासकीय विद्यालय भवन निर्माण को लेकर भी टेंडर प्रक्रिया शुरू करवा दी है। इससे आने वाले दिनों में भविष्य में बच्चों को नए स्कूल भवन की सुविधा मिलेगी। वही तब तक यहां के बच्चों को पास के दूसरे शासकीय विद्यालय भवन में शिफ्ट किया जा रहा है ताकि नया भवन बनेगा जब तक बच्चे शिक्षा प्राप्त करते रहे। इधर पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त करने को लेकर निविदा जारी हो गई है अगले माह में जल्द पुराने भवन को तोड़कर नई इमारत निर्माण की तस्वीर भी साफ हो जाएगी।

# निगम वृक्षों के आसपास से हटाएगा सीमेंट कांक्रीट का जाल

**अभी पूरे शहर में सभी प्रमुख क्षेत्र में हरियाली के आसपास है सीमेंट कंक्रीट का जाल**



**पेवर ब्लॉक और पक्का निर्माण हटाकर कच्ची जगह करवाएगा उपलब्ध**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अब इंदौर नगर निगम का उद्यान विभाग शहरी क्षेत्र में सड़क के आसपास किनारों पर लगे पेड़ों के आसपास का कंक्रीट और पेवर ब्लॉक हटाकर पेड़ों के आसपास पर्याप्त कच्ची जगह उपलब्ध कराने का कार्य जल्द ही शुरू करेगा। जिससे पेड़ों को विकसित होने और पर्याप्त फल-फूलने के लिए बेहतर कच्ची जगह उपलब्ध होगी। यही नहीं इस निगम के उद्यान विभाग की इस प्रक्रिया से शहर की हरियाली बचाने के लिए बड़ा फायदा यह होगा बारिश का पानी सीधे पेड़ों की जड़ों तक जाएगा। वहीं इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा इससे पेड़ों को बढ़ने में बड़ी मदद मिलेगी। साथ ही बारिश का पानी पेड़ों की जड़ों तक सीधे जाने से भविष्य में पानी की कमी से कभी कोई भी पेड़ सूखेंगे नहीं।

वही बड़ी बात यह है कि अभी पूरे शहर में हरियाली पेड़ पौधों के आसपास सीमेंट कंक्रीट का बड़ा जाल है। यहां तक की बगीचों में भी पेवर ब्लॉक और सीमेंट का कंक्रीट के आसपास पेड़ लगे हैं जिनको पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। बारिश का पानी सीमेंट कंक्रीट के द्वारा सोखने के कारण पेड़ों की जड़ों तक बारिश का पानी नहीं पहुंच पाता। इसीलिए निगम उद्यान विभाग द्वारा अब पूरे शहर के सभी प्रमुख सड़कों के साथ आसपास के सभी क्षेत्रों में जहां भी सीमेंट कंक्रीट के जाल के साथ पेड़ पौधे लगे हैं वहां से पेवर ब्लॉक और सीमेंट कंक्रीट का जाल हटाकर पेड़ों को राहत दिलाई जाएगी। जिसका बड़ा फायदा यह होगा कि बारिश का पानी सीधे पेड़ों की जड़ों तक जाएगा और उसे ज्यादा समय तक गीला रखेगा। वहीं बारिश के पानी की ज्यादा समय तक नमी रहने से पेड़ों को सूखने नहीं देगा। साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और निगम द्वारा लगाए जा रहें लगातार पेड़ों को फलने - फूलने और विकसित होने में इस नई तकनीक से बड़ा फायदा मिलेगा।

## बगीचों में अब होगा नवीनीकरण कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 से जुड़ी कॉलोनी साईं गंगोत्री नगर और रामचंद्र नगर के प्रमुख बगीचों में सौंदर्यकरण और नवीनीकरण के लिए कई विकास कार्यों का श्री गणेश अब जल्द शुरू किया जाएगा। जिसके लिए यहां निगम के उद्यान विभाग द्वारा लगभग 75 लाख रुपये के आसपास खर्चकर दोनों बगीचों में आवश्यक सजाने - संवारने के कामों के साथ अन्य सिविल कार्य शुरू करने से पहले निगम द्वारा निविदा भी जारी की गई है। जिसके अंतर्गत यहां निगम द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद हाथों - हाथ काम भी शुरू करवाने की पूरी प्लानिंग के साथ तैयारी भी कर रखी है। जिसके तहत दोनों कॉलोनी के प्रमुख बगीचों में लंबे समय के बाद क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर सौंदर्यकरण और नवीनीकरण के अंतर्गत कई विकास कार्य किए जाएंगे।

**रोशनी के साथ मनोरंजन की भी मिलेगी सुविधा-** जिसमें बगीचों में शानदार बैठक व्यवस्था के साथ रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। ग्रीनरी और हरियाली के लिए एक से बढ़कर एक पेड़ - पौधे लगाए जाएंगे। क्षेत्र के रहवासियों के सुबह शाम घूमने के लिए यहां दोनों बगीचों में लम्बा - चौड़ा वाकिंग ट्रैक का निर्माण भी नई तकनीक के साथ करवाया जाएगा ताकि लोगों को सुविधा हो। बच्चों के मनोरंजन के लिए पार्क में पहली बार छत वाले झूले ओर चकरी के साथ फिसल पट्टी ओर अन्य खेल के सामान लगवाए जाएंगे। साथ ही सेहत बनाने के लिए बगीचों में जिम के नए आधुनिक उपकरण भी लगाने की तैयारी है। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर दोनों बगीचों में अन्य सुविधाएं भी जुटाई जाएगी।

# नए स्विमिंग पूल के पास अब होगी व्यवस्था चाकचौबंद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सालों पुराने शहर के सबसे बड़े और प्राचीन बगीचों में शुमार नेहरू पार्क में लाखों रुपए खर्चकर तैयार नवीन स्विमिंग पूल के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था भी अब चाकचौबंद नजर आएगी। इसको लेकर निगम द्वारा क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया की मांग पर पूल के आसपास सुरक्षा बाउंड्री वॉल और आकर्षक ब्लॉक लगाकर सौंदर्य करण के कार्य शुरू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसको लेकर पूरी प्लानिंग के साथ यहां आने वाले दिनों में चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल का निर्माण कर सौंदर्यकरण के कार्य किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत नए तैयार पूल के आसपास के क्षेत्र में ब्लॉक लगाकर सजाने - संवारने के कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे।



**तैराकी करने वालों को नजर आएगी खबसूरती-** खास बात है कि लंबे इंतजार के बाद जब नया स्विमिंग पूल बनकर तैयार भी हो गया है। वहीं पूल तैयार होने के बाद अब अब उसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी तैयारी शुरू हो गई है। निगम द्वारा पूल के आसपास सुरक्षा बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी साथ ही सौंदर्य करण और खूबसूरती के लिए आकर्षक ब्लॉक लगाकर यहां सजाने संवारने के कार्य भी किए जाएंगे। पहाड़िया ने बताया इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है जल्दी यह कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा साथ ही हमारा प्रयास है कि जल्द अगले माह की शुरुआत में स्विमिंग पूल दर्शकों के लिए पूरी तरह से शुरू हो जाए। क्षेत्रीय लोगों ने पूल के लिए लंबा इंतजार किया है, और अब उनका इंतजार खत्म होने वाला है। जिसको लेकर हम अफसर के साथ लगातार प्रयास कर रहे हैं उसी के परिणाम स्वरूप आज यह पूल बनकर तैयार हो पाया है।

## संपादकीय

# सरकारी कागजों में सुरक्षित, हकीकत में 'डेथ ट्रैप': हादसों के बाद ही जागता है सिस्टम

पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के तारापीठ में सोमवार तड़के एक होटल में आग लगने से नौ लोगों की मौत की घटना ने सुरक्षा इंतजामों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के तारापीठ में सोमवार तड़के एक होटल में आग लगने से नौ लोगों की मौत की घटना ने सुरक्षा इंतजामों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश में सार्वजनिक उपस्थिति वाली इमारतों में आग लगने की घटनाओं से हर साल कई बेकसूर लोगों की जान चली जाती है। सरकार और प्रशासन की ओर से हर हादसे के बाद सुरक्षा उपायों को कड़ाई से लागू करने की बात कही जाती है। तात्कालिक स्तर पर संबंधित महकमे की ओर से इस मसले पर गंभीरता और सक्रियता तो दिखाई जाती है, मगर बाद में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। यही वजह है कि आग से जुड़े हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के तारापीठ में सोमवार तड़के एक होटल में आग लगने से नौ लोगों की मौत की घटना ने सुरक्षा इंतजामों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। समस्या नियम-कानूनों में सख्त प्रावधानों के अभाव की नहीं, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू न करने की है। सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर अक्सर लापरवाही बरती जाती है, जो कभी भी हादसे की शक्ल ले लेती है। इसके पीछे संबंधित महकमे के कर्मियों और भवन निर्माताओं एवं मालिकों की सांठगांठ से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यह छिपा नहीं है कि राष्ट्रीय भवन निर्माण नियम के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद कई व्यावसायिक और रिहाइशी इमारतों में आपातकालीन निकासी एवं हवा के प्रवेश के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती है। कई इमारतें अग्निशमन विभाग के अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना ही व्यावसायिक गतिविधियों के लिए सौंप दी जाती हैं। यही नहीं, सुरक्षा उपायों की निगरानी को सतत प्रक्रिया के बजाय केवल एक बार की कागजी औपचारिकता मान लिया जाता है, जिस कारण अग्निशमन उपकरणों की देखरेख की भी जरूरत नहीं समझी जाती। इसके अलावा, शहरी नियोजन में खामियां और ढांचागत समस्याएं भी एक बड़ा कारण हैं। पुलिस और संबंधित विभाग का हाल यह है कि आग की घटना के बाद ही अधिकारी हरकत में आते हैं। तारापीठ हादसे में भी यही हुआ, पुलिस ने होटल में उचित अग्निशमन व्यवस्था न होने के आरोप में उसके मालिक समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है। जाहिर है कि जब तक व्यवस्थागत खामियों को चुस्त-दुरुस्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक आग के हादसों पर अंकुश नहीं लग पाएगा।







# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को अनोखी सीख

## पुलिस ने रोककर नियमों का पाठ पढ़ाया, चौराहे पर कराया ट्रैफिक रेगुलेट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के सबसे व्यस्ततम विजय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस ने नियम तोड़ने वाले और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ एक अनोखा जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने नियम उल्लंघनकर्ताओं का सिर्फ चालान काटने के बजाय उन्हें रोककर यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और मौके पर ही उनसे ट्रैफिक संभालने में सहयोग लिया। पुलिस की इस पहल का मकसद वाहन चालकों को अपनी और दूसरों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाना था।**

अभियान के दौरान विजय नगर चौराहे से गुजरने वाले ऐसे वाहन चालकों को विशेष रूप से रोका गया जो बिना हेलमेट, रेड लाइट जंप करके या यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चला रहे थे। यातायात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी चालकों को रोककर सड़क दुर्घटनाओं के खतरों और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को चौराहे पर खड़ा रखकर यातायात पुलिस जवानों के साथ ट्रैफिक रेगुलेट करवाने की जिम्मेदारी दी गई।

चालकों ने स्वयं पुलिस के साथ मिलकर वाहन चालकों को सिग्नल और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। इस व्यावहारिक सीख के जरिए पुलिस ने संदेश दिया कि यातायात नियमों का पालन दंड के डर से नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा की भावना से किया जाना चाहिए।

## छत पर चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा

**इंदौर।** बेटमा पुलिस ने घर की छत पर बैठकर जुए का दाव लगा रहे आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों से नगदी एवं मोबाइल जब्त किए। बेटमा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम काली बिल्लोद में एक मकान की छत पर चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारा। अचानक हुई रेड से मौके पर भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सुनील, अजीत, वीरेंद्र दयाल राठौर, पवन, मिथुन दास, आदिल खान और रामजी लाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 25 हजार 700 रुपये नकद और आधा दर्जन से अधिक मोबाइल जब्त किए गए।

## रेयांश, यशी, हर्षवर्धन, निया सेमीफाइनल में

**इंदौर।** रेसीडेंसी क्लब में चल रही आई.आर.सी. ट्रॉफी ओपन मिनी एवं सब-जूनियर इंदौर जिला रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 के तीसरे दिन सभी आयु वर्गों के प्री क्वार्टर एवं क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। यह प्रतियोगिता व्हिज़स्पोर्ट्स रेसीडेंसी क्लब द्वारा इंदौर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

बालक अंडर-9 एकल में सुचये देव ने शार्विल दुबे को 15-6, 15-4 को, रेयांश जैन ने निहित मटलानी को 15-06, 15-10 से, अव्युक्त गुलहाटी (4) ने रोहन धिन्डवाल को 15-8, 15-6 से, आरव कश्यप ने तेजस्व भट्ट को 15-2, 15- 2 से हराया। बालिका अंडर-9 एकल में स्वस्ति रावल ने काश्वी कुशवाह को 15-4, 15-11 से अपने से ऊंची सीड को हराकर बड़ा उलटफेर किया । वहीं के. थ्रिशिका ने विदुषी झा को 15-6, 15-7 से, यशी भूमरकर ने आनंदिनी मोहता ने 15-11, 16-14 से, मिशिता शर्मा ने सान्वी पाटिल को 15-2, 15-9 से हराया ।

बालक अंडर-11 एकल में हर्षवर्धन सिंह ने जसराज सिंह को 15-11, 15-6 से, निश्चय कुशवाह ने रेवांश कटारे को 15-10, 15-9 से, रक्षित यादव ने प्रणम्य तारे को 15-13, 15-12 से पराजित किया वहीं अद्वैत परिदार ने मानविक कटियार 15-4, 15-4 से हराया । बालिका अंडर-11 एकल में निया तेहलानी ने आर्ना शर्मा 15-11, 15-10 से, यर्निका चौरे ने अनाया बंथिया से 15-13, 15-7 से, आरोही गोयल ने काव्या हरीश को 15-13, 15-2 से, इशमान सलूजा ने मायरा सोनी को 15-3, 15-6 से हराया । बालक अंडर-13 एकल में अद्वैत पटिदार ने अर्नव गौर को 15-08, 15-06 से, समग्र जैन ने स्वस्तिक करवाड़े को 15-11, 12-15, 15-09 से, विराज शर्मा ने अन्वित गोयल को 15-13, 12-15, 15-05 से, हर्ष वर्धन ने खुश ओसवाल ने 16-14, 13-15, 15-12 से हराया।

## बुजुर्ग को रास्ते में रोककर दी गालियां, विरोध करने पर बेल्ट और घूंसे मारे

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रेजर ड्रीम्स रोड पर एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट और बेल्ट से हमले का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बुजुर्ग को गालियां दीं और जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उन्हें हाथ-घूंसे और बेल्ट से बेरहमी से पीटा, जिससे उनके सिर और आंखों पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर राऊ थाना पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सत्यमित्र राजलक्ष्मी नेचर अपार्टमेंट राऊ निवासी फरियादी कुंदन पिता गोपीकिशन वर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उनके 71 वर्षीय वृद्ध पिता गोपीकिशन वर्मा ट्रेजर ड्रीम्स रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान आरोपी पारस और उसके अन्य साथियों ने उन्हें रास्ते में रोककर गालियां देना शुरू कर दिया। जब बुजुर्ग गोपीकिशन वर्मा ने आरोपी पारस और उसके साथियों को अभद्रता और गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए। आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ हाथ-घूंसे और बेल्ट से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में बुजुर्ग गोपीकिशन की दोनों आंखों, सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

## युवा साइकल यात्रा लगाया छात्र एकता का नारा

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** आज सुबह आईपीएस कॉलेज एबी रोड से युवा साइकल यात्रा शुरू हुई। छात्र एकता के नारे गुंजाए गए। यह यात्रा कई मार्गों से घूमती हुई देवी अहिल्या विश्वविद्यालय आरएनटी मार्ग पहुंची। छात्रों ने छात्र संघ चुनाव को लेकर जल्द तिथि घोषित करने की मांग की। ज्ञापन भी दिया जा रहा है। वीरेन्द्र गुर्जर ने उक्त जानकारी दी।

# पलाश परिसर में हुई चोरी का खुलासा

## 100से ज्यादा सीसीटीवी खंगालकर दो आरोपियों को दबोचा






**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र के पलाश परिसर स्थित एक बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर नकबजनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने घटनास्थल और बदमाशों के भागने के रास्ते पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता पाई। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेत करीब 3 लाख 20 हजार रुपये का माल बरामद किया गया है।

गत 4 अगस्त को पलाश परिसर राऊ स्थित एक फ्लैट से अज्ञात बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली थी। पीड़ित की शिकायत पर राऊ थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए इलाके के 100 से भी ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और जिला खंडवा के ग्राम जलवा बुजुर्ग से रंजीत पवार तथा इंदौर से उसके साथी धर्मेंद्र पांचाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने का नेकलेस, सोने-चांदी के अन्य जेवरात और नकदी सहित कुल 3 लाख 20 हजार रुपये का मश्रूका बरामद किया है। राऊ थाना पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर इंदौर शहर में हुई अन्य चोरी व नकबजनी की वारदातों के संबंध में भी कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| | 150100 | 153591 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 227400 | 228600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# वैध और अवैध की नई परिभाषा अधिभोगी और अधिवासी

## वैध और अवैध कॉलोनी के संपत्ति कर पर उक्त शब्द होंगे दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के लोग वैध और अवैध की नई परिभाषा को पहचानने के लिए तैयार हो जाइए, इंदौर नगर निगम ने शहर की अवैध और वैध कॉलोनीयों की संपत्तियों को नई पहचान देने का निर्णय ले लिया है। महापौर परिषद की बैठक कल मंगलवार सम्पन्न हुई जिसमें पहली बार यह निर्णय नगर निगम ने अपना राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है, जिसके अनुसार अवैध कॉलोनियों और कब्जा करके बनाए गए निर्माण का संपत्तिकर वसूलेगा। लेकिन इसकी रसीद पर अधिवासी शब्द दर्ज रहेगा जिससे यह पहचान हो सकेगी कि उक्त संपत्ति अवैध है और इसकी रजिस्ट्री नहीं की जा सकती। वहीं दूसरी ओर वैध कॉलोनी और स्वयं के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर अधिभोगी शब्द दर्ज किया जाएगा जिससे यह पहचान हो सकेगी कि उक्त संपत्ति लीगल है और वैधानिक प्रक्रिया को पूरा करते हुए खरीद बिक्री हुई है, लेकिन व्यावहारिक रूप से यहां सवाल यह उठता है कि आम नागरिक इस अंतर को कैसे पहचानेंगे और संपत्तियों की खरीद बिक्री एवं नामांतरण के दौरान आम नागरिक दलालों के चक्कर में न फंसे इसके लिए कौन से कदम उठाए जाएं इस पर बैठक में कोई विचार नहीं किया गया है। हालांकि अभी नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारी को भी यह समझने में 4 से 6 माह का समय लग जाएगा कि अधिभोगी वैध संपत्ति के लिए उपयोग किया जा रहा है और अधिवासी शब्द का उपयोग अवैध संपत्ति के लिए हो रहा है। इससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी। निगम के कर्मचारियों को भी यह अच्छे से दिमाग में बैठाना होगा कि दोनों शब्दों का कितना महत्व है और दर्ज करने से पहले इसकी जांच की जाए क्योंकि यह भी स्थिति बन सकती है कि वैध को अवैध और अवैध को वैध संपत्ति की श्रेणी में दर्ज ना किया जाए। सबसे बड़ी परेशानी अवैध बस्तियों में रहने वाले कम पढ़े-लिखे और गरीब लोगों की है इन्हें शातिर ठग और दलाल इन शब्दों के मायाजाल में उलझा कर इनके साथ ठगी कर सकते हैं वहीं यह शब्द ऐसे हैं जो आम लोगों के प्रचलन एवं जुबान पर नहीं है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि उक्त निर्णय के लेने के पीछे नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी करना है क्योंकि ऐसी संपत्तियां जो कब्जा करके बनाई गई है या फिर अवैध कॉलोनी का निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया है ऐसी संपत्तियों के संपत्ति कर खाते नहीं खोले जाने के कारण निगम को राजस्व की हानि हो रही है। ऐसी संपत्ति जहां स्थित है वहां पर नगर निगम द्वारा सफाई, बिजली, नर्मदा, पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट, कचरा कलेक्शन जैसी सुविधा दे रहा है तो फिर नगर निगम राजस्व लेने का हकदार क्यों नहीं है जब तक ऐसी संपत्तियों को हटाए जाने की कार्रवाई निगम की ओर से नहीं की जाती तब तक ऐसी संपत्तियों का टैक्स निगम को मिलना चाहिए।

वही इस मामले में राजस्व विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि अधिभोगी और अधिवासी शब्द के माध्यम से संपत्तियों की पहचान हो सकेगी इस संबंध में वरिष्ठ जिला पंजीयन कार्यालय को पत्र लिखा गया है कि वह संपत्तियों का पंजीयन करते समय उस बात का ध्यान रखें की पंजीयन से पहले संपत्ति किस श्रेणी में दर्ज है इसका रिकॉर्ड देख ले इसके बाद ही संपत्ति की रजिस्ट्री की जाए। इस कदम से अवैध संपत्तियों की रजिस्ट्री नहीं होगी और यह संपत्तियां अवैध संपत्ति के रूप में दर्ज रहेगी। वही इस निर्णय को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सही करार देते हुए कहा है कि शहर तेजी से बढ़ रहा है नगर निगम को संसाधन जुटाने के लिए नए आय के स्रोत चाहिए। अवैध संपत्तियों का टैक्स लिया जाना उचित है क्योंकि इन संपत्ति स्वामियों द्वारा नगर निगम द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है ऐसी स्थिति में इस टैक्स की वसूली होनी चाहिए ताकि नगर निगम की सेवाओं को सुचारू रूप से जारी रखा जाए। वहीं इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे ने बताया कि नगर निगम के इस निर्णय के बाद अवैध संपत्तियों का टैक्स चुकाने वाला स्वयं को उस संपत्ति का मालिक साबित करने का प्रयास करेगा क्योंकि उक्त संपत्ति का टैक्स उसके द्वारा चुकाया जा रहा है ऐसी स्थिति में वह अवैध संपत्ति को वैध बताकर बेच देगा। तकनीकी भाषा और शुद्ध हिंदी आम नागरिक इतनी जल्दी नहीं समझ पाए इसीलिए अच्छा यह होता कि रसीद पर सीधे तौर पर कब्जा धारी लिखा जाए और उक्त संपत्ति की खरीद बिक्री नहीं होगी यह रशीद और रिकॉर्ड दोनों पर अंकित होना चाहिए तभी आम नागरिक इसके प्रति अलर्ट रह सकेंगे और अपनी संपत्ति को सुरक्षित कर सकेंगे।

कांग्रेस नेता चौकसे ने कहा कि नगर निगम को उन शिकायतों के लिए तैयार रहना चाहिए जिसमें वैध संपत्ति अवैध श्रेणी में और अवैध को वैध दर्ज हो जाएगी, इसके निर्णय के लिए अभी से नगर निगम में हेल्प डेस्क स्थापित की जानी चाहिए।



## पुस्तकालय में पौधारोपण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** योग मित्र मंडल ने महादेवी वर्मा पुस्तकालय परिसर, छावनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. तरु गुप्ता, अभय भालेराव, अशोक गुप्ता,आलोक पंडित, डॉ. मिश्रा, अजीत अजमेरा मौजूद रहे।

## हर-हर महादेव कावड़ यात्रा निकलेगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हर-हर महादेव कावड़ यात्रा का आयोजन राधा-कृष्ण मंदिर मालगंज से किया जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र के कई क्षेत्र में घूमती हुई यह यात्रा मरीमाता से महाकाल मंदिर उज्जैन तक जाएगी। कई भाजपा से जुड़े राजनेता भी इस यात्रा में मौजूद रहेंगे।

## यशस्वी, जिनीशा, लब्धि दिखाया दिमागी कौशल

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने मध्य प्रदेश की चुनौती को आगे बढ़ाते हुए ऑल इंडिया आइपीएससी बालिका शतरंज स्पर्धा में जीत के साथ अभियान प्रारंभ किया। इंदौर की टीम के लिए यशस्वी दुबे, जिनीशा चौहान और लब्धि ढ़ाबरिया ने शतरंज की बिसात पर दिमागी कौशल दिखाते हुए जीत दर्ज की।

एमरल्ड हाइट्स स्कूल परिसर में मंगलवार को स्पर्धा का शुभारंभ स्पोर्ट्स डीम सुचित मंडलोई और स्कूल के खेल अधिकारी अकरम खान ने चाल चलकर किया। इस स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। स्पर्धा तीन आयु वर्गों अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ष समूह में खेली जाएगी। यहां प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन आइपीएससी टीम में किया जाएगा। बालिका अंडर-17 आयु वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने रायपुर के राजकुमार कॉलेज की टीम को 2-1 से पराजित किया। मेजबान टीम के लिए यशस्वी दुबे, जिनीशा चौहान और लब्धि ढ़ाबरिया ने जीत हासिल की। दिन के अन्य मैचों में दिल्ली के मॉडर्न स्कूल ने जोधपुर के राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल को 2-1 से पराजित किया। दिल्ली की ऐशा खंडेलवाल और चाहत कोहली ने अपने मैच जीते। हैदराबाद पब्लिक स्कूल ने डीपीएस मथुरा रोड को 2-1 से हराया। हैदराबाद की लौक्य साधिका चेवरू और तन्वी काकराला ने जीत दर्ज की। जयपुर के महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल ने ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय को 3-1 से परजित किया।

## गतका चैंपियनशिप में युवाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**इंदौर।** गतका एसोसिएशन ऑफ इंदौर द्वारा,आयोजित 4वीं इंदौर जिला 'गतका चैंपियनशिप'2026 का आयोजन मंगलवार, को गुरुद्वारा खालसा बाग, चोइथराम हॉस्पिटल के सामने में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19, अंडर-22, अंडर-25 एवं अंडर-30 आयु वर्गों के मुकाबले आयोजित किए गए।




खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं गतका की पारंपरिक युद्ध कला का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

विभिन्न वर्गों में प्रथम गुप्ता, हर्षिका, रिद्धिमा सिंधवानी, काश्वी धूत, ग्रंथ जैन, भाव्या नामदेव, इच्छा, निधि पाटीदार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गुरु सिंह सभा अध्यक्ष हरपाल मोनू भाटिया,सचिव बंटी भाटिया,जसबीर सिंह गांधी,त्रिलोचन सिंह वासु,देवेन्द्र सिंह गाँधी,राजू भाटिया एवं बाबा अमरीक सिंह जी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल के साथ-साथ अनुशासन एवं संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गतका एसोसिएशन ऑफ इंदौर के अध्यक्ष श्री सचप्रीत सिंह (सच सलूजा) ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के सभी विजेता अगले माह आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय गतका चैंपियनशिप में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कैमरे के सामने खुल गए टीम इंडिया के सारे राज

**गाले।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम से जुड़ी एक खबर सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रही है। इंटरनेट पर वायरल हो रहे कुछ दावों के अनुसार मैच के दौरान लाइव ब्रॉडकास्ट में भारतीय टीम का सीक्रेट रणनीतिक व्हाइटबोर्ड गलती से कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर कई क्लिप्स और स्क्रीनशॉट तेजी से शेयर किए जा रहे हैं, जिन्हें लेकर क्रिकेट फैंस के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। दावा किया जा रहा है कि यह घटना चौथे दिन के खेल के दौरान उस समय घटी जब ब्रॉडकास्टिंग कैमरा कुछ पलों के लिए भारतीय ड्रेसिंग रूम की ओर घूमा। उस दौरान बैकग्राउंड में एक व्हाइटबोर्ड दिखाई दिया, जिस पर मैच से जुड़ी रणनीतियां और निर्देश लिखे हुए थे। हालांकि, जैसे ही कैमरा उधर गया ब्रॉडकास्ट फीड को तुरंत हटा लिया गया लेकिन तब तक इसके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर फैल चुके थे। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि इस बोर्ड पर टीम इंडिया के रणनीतिक नोट्स और खिलाड़ियों के लिए विशेष निर्देश दर्ज थे। हालांकि, अभी तक इन तस्वीरों और वीडियो की सत्यता की कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। कैमरे के अचानक हटने और फुटेज के बेहद छोटा होने की वजह से यह स्पष्ट नहीं है कि बोर्ड पर लिखी बातें सचमुच कोई गोपनीय रणनीति थीं या इसे केवल गलत समझा जा रहा है।

# धनंजय और दिनुशा विकेट पर टिके, भारत की बढ़ रही टेंशन

**गाले।** भारत और श्रीलंका बीच पहला टेस्ट मैच गॉल के मैदान पर खेला जा रहा है। आज मैच का पांचवां और निर्णायक दिन है। फिलहाल, श्रीलंका की ओर से कप्तान धनंजय डिसिल्वा (54) और सोनल दिनुशा (43) बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों के बीच 50 रन से अधिक की साझेदारी हो चुकी है। दिन के शुरुआती सत्र में दोनों बल्लेबाजों ने तेजी खेलते हुए रन बटोरे। भारतीय गेंदबाज दोनों ही बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। समाचार लिखे जाने तक लंका टीम ने 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट पर 130 रन बना लिए थे।

दूसरी ओर शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम जीत हासिल करने की फिराक में है। भारत ने 372 रन का बड़ा टारगेट देने के बाद मेजबान श्रीलंका पर शिकंजा कस रखा है। मंगलवार को स्टंप्स के समय श्रीलंका का स्कोर 34 ओवर में 84/4 था। दिनुशा ने पहली पारी में शतक जमाया था। श्रीलंका लक्ष्य से 288 रन दूर है जबकि भारत को जीत के लिए छह विकेट की दरकार है। श्रीलंका को जो 372 रन का लक्ष्य मिला है, वो गॉल स्टेडियम में टेस्ट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़े स्कोर के रिकॉर्ड से ज्यादा है। यहां अब तक सबसे बड़ा सफल लक्ष्य पाकिस्तान ने हासिल किया है। पाकिस्तान ने 2022 में 342 रन चेज किए थे। श्रीलंका में सफलतापूर्वक सबसे बड़े रन चेज का रिकॉर्ड मेजबान टीम के ही नाम है। श्रीलंका ने साल 2017 में श्रीलंका में कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ 388 रन का लक्ष्य हासिल किया था। साउथ अफ्रीका ने 2006 में कोलंबो में आयोजित टेस्ट मैच में 352 रनों का टारगेट किया था।

# भारतीय हॉकी टीम के सामने पाकिस्तान की चुनौती, हर हाल में चाहिए जीत

**नई दिल्ली।** हॉकी विश्व कप 2026 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अपने दूसरे पूल डी मुकाबले में इंग्लैंड के हाथों 2-4 से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। हाफ-टाइम तक कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिलप्रीत सिंह के गोलों की बदौलत भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी। हालांकि, दूसरे हाफ में डिफेंसिव गलतियों के चलते इंग्लैंड ने जबरदस्त वापसी की और तीसरे व चौथे क्वार्टर में लगातार तीन गोल दागकर मैच 4-2 से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए बांडुरक ने दो, जबकि रशमियर और क्रॉफ्ट ने एक-एक गोल किए।



इस हार के बाद भारत दो मैचों में तीन अंकों के साथ पूल डी में दूसरे स्थान पर है। टीम इंडिया ने वेल्स के खिलाफ 3-1 की जीत हासिल की थी, जिसके कारण भारत के पार ये अंक हैं। वहीं इंग्लैंड 6 अंकों के साथ टॉप पर है, जबकि पाकिस्तान और वेल्स 1-1 अंक के साथ तीसरे व चौथे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के नियमों के मुताबिक, प्रत्येक पूल से टॉप दो टीमें ही दूसरे दौर में जगह बनाएंगी।

**यदि भारत पाकिस्तान को हराता है:** भारत के 6 अंक हो जाएंगे और वह इंग्लैंड बनाम वेल्स मैच के परिणाम की परवाह किए बिना सीधे दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई कर जाएगा।

**यदि मैच ड्रॉ रहता है:** भारत के 4 अंक होंगे। इस स्थिति में यदि इंग्लैंड वेल्स को हरा देता है या मैच ड्रॉ रहता है, तो भारत क्वालीफाई कर जाएगा। लेकिन यदि वेल्स इंग्लैंड को हरा देता है, तो भारत और वेल्स दोनों के 4-4 अंक होंगे और फैसला गोल अंतर से होगा।

**यदि भारत पाकिस्तान से हार जाता है:** भारत की टूर्नामेंट से छुट्टी हो जाएगी और टीम 9वें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैचों में चली जाएगी। पाकिस्तान जीत के साथ भारत से आगे निकल जाएगा।

# भारत पहले टेस्ट में छह विकेट दूर

## श्रीलंका को जीत के लिए चाहिए 288 रन

**गाले।** भारत और श्रीलंका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला गॉल में जारी है। आज मैच का अंत?िम और निर्णायक है। मैच का काफी हिस्सा बार?िश और खराब मौसम की वजह से भी खराब हुआ है। फ?िलहाल श्रीलंका के सामने 372 रनों का टारगेट है. उसके चौथे ही दिन 6 व?िकेट ग?िर चुके थे।



भारतीय टीम ने श्रीलंका के सामने जीत के लिए 372 रन का टारगेट रखा है। इसके जवाब में मेजबान टीम ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 34 ओवर में 84 रन बना लिए थे और उसके 4 विकेट गिर चुके थे।

श्रीलंका का रन रेट इस समय 2.47 का है। दिन का खेल खत्म होने के बाद मेजबान टीम को टेस्ट जीतने के लिए अभी 288 रन की जरूरत है, जबकि भारत को जीत के लिए श्रीलंका के बाकी 6 विकेट हासिल करने होंगे। भारत ने इस टेस्ट में अपनी पहली पारी में 462 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद श्रीलंकाई टीम अपनी पहली पारी में 284 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल हुई और उसने दूसरी पारी में 193 रन बनाए। इसके बाद श्रीलंका के सामने 372 रन का लक्ष्य रखा गया। गाले टेस्ट के मौजूदा समीकरण भारत के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन श्रीलंका के पास अभी 6 विकेट मौजूद हैं। उसे 288 रन बनाने हैं, इसलिए आखिरी दिन का खेल दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होगा। भारत की कोशिश होगी कि शुरुआती सत्र में जल्द विकेट निकालकर श्रीलंका पर दबाव बढ़ाया जाए। वहीं मेजबान टीम की नजरें टिके हुए बल्लेबाजों पर होंगी, जो आखिरी दिन लंबी पारी खेलकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा सकें।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

**इंदौर।** खेलों में पश्चिम क्षेत्र कंपनी के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर कंपनी का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। हाल ही में विद्युत मंडल की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पांच खिलाड़ियों पृथ्वीराज चौधरी पावर लिफ्टिंग, सुरेंद्र कुमार पटेल पावर लिफ्टिंग, विशाल वर्मा पावर लिफ्टिंग, नीरज चौहान पावर लिफ्टिंग, संदीप मौर्य बॉडी बिल्डिंग को जबलपुर में राज्य स्तरीय समारोह में ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले व अन्य अधिकारियों ने सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों ने मंगलवार को पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने भेंट की। चौहान ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# लक्ष्य का पलटवार

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में रोमांचक जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत के टॉप मेंस सिंगल्स खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने मंगलवार को जीत के साथ अपने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 अभियान की शुरुआत की। लक्ष्य ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए मेंस सिंगल्स इवेंट के राउंड ऑफ 64 में ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन को 16-21, 21-8, 21-4 से मात दी। 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को वापसी करने में 45 मिनट लगे। पहला गेम हारने के बाद उन्होंने अपनी लय पकड़ी और उसके बाद अपने प्रतिद्वंद्वी को मुकाबले में वापसी का कोई खास मौका नहीं दिया। इस भिड़ंत के दौरान पहले गेम में सबसे कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शुरुआती दौर में कोई भी खिलाड़ी बड़ी बढ़त नहीं बना सका।



**लक्ष्य ने आखिरी दो गेम में पकड़ी लय-**हालांकि, दूसरा गेम शुरू होते ही मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। शुरुआत में फिलिमोन सेन के साथ बने रहे और स्कोर 6-6 से बराबर कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया। लगातार चार प्वाइंट्स जीतकर सेन ने मैच पर नियंत्रण बना लिया और उसके बाद रैलियां उनके पक्ष में जाने लगीं। भारतीय खिलाड़ी ने दबाव बढ़ाया और धीरे-धीरे अपनी बढ़त को और मजबूत करते हुए 20-8 पर गेम प्वाइंट्स तक पहुंचे और 16 मिनट के बाद दूसरा गेम 21-8 से जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक ले गए।

# बिजली कंपनी के खिलाड़ी जबलपुर में सम्मानित



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विद्युत मंडल की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पांच खिलाड़ियों पृथ्वीराज चौधरी पावर लिफ्टिंग, सुरेंद्र कुमार पटेल पावर लिफ्टिंग, विशाल वर्मा पावर लिफ्टिंग, नीरज चौहान पावर लिफ्टिंग, संदीप मौर्य बॉडी बिल्डिंग को जबलपुर में राज्य स्तरीय समारोह में ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले व अन्य अधिकारियों ने सम्मानित किया। विजेता खिलाडियों को एमडी अनूपकुमार सिंह, महाप्रबंधक प्रकाशसिंह चौहान,मुख्य अभियंता आरसी जैन ने बधाई और शुभकामना दी।

# इंदौर की स्वाति और नैवेद्य को राज्य सीनियर खिताब

**इंदौर।** इंदौर की स्वाति सोलंकी और नैवेद्य तोंडे ने 79वीं मप्र राज्य सीनियर बैडमिंटन स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए क्रमशः महिला युगल और पुरुष युगल खिताब हासिल किया। ग्वालियर में हुई इस स्पर्धा में ग्वालियर के मृदुल भिर्यानी पुरुष एकल और नित्या जादोन महिला एकल में नये राज्य विजेता बने, इंदौर के कन्हैया शर्मा पुरुष एकल में तीसरे स्थान पर रहे। इंदौर की स्वाति सोलंकी और आशिता दुबे ने महिला युगल फाइनल में भोपाल के गरिमा सप्रे और अदिति वर्मा को 15-10,15-10 से हराया। सेमीफाइनल में पहले क्रम की स्वाति सोलंकी और आशिता दुबे ने संस्कृति अग्रवाल और पाखी गुप्ता को 15-12,15-7 से हराया।



इंदौर के नैवेद्य तोंडे और ग्वालियर के रुद्र प्रताप ठाकुर ने पुरुष युगल फाइनल में ग्वालियर के अगद बावेजा और मृदुल भिर्यानी को 11-15, 15-9,15-10 से पराजित किया। सेमीफाइनल में शिवांश गुर्जर और अनिकेत यादव को 15-12,16-14 से हराया, नैवेद्य और रुद्र प्रताप ने क्वार्टर फाइनल में दूसरे क्रम के धार के आदित्य चौहान और अमित राठोर को तीन गेमों में हराकर उलटफेर किया। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष डा अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, प्रकाश धाकड़, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी आदि ने इंदौर के सफल खिलाड़ियों को बधाई दी हैं। नित्या जादोन ने महिला एकल फाइनल में धार की अद्वितीया शर्मा को 15-13,15-8 से हराया।

# ख्याति, मत्रिका, तीस्था, जन्नत, श्रीजा का उम्दा प्रदर्शन

## ऑल इंडिया आइपीएससी वॉलीबॉल स्पर्धा प्रारंभ

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की खिलाड़ियों ने अपने आक्रामक खेल के सहारे ऑल इंडिया आइपीएससी वॉलीबॉल स्पर्धा में जोरदार जीत के साथ प्रदेश की चुनौती को आगे बढ़ाया। मेजबान टीम के लिए ख्याति चतुर्वेदी, मत्रिका जैन, तीस्था पटेल, जन्नत खुशलानी, श्रीजा ओझा ने बेहतर टीम वर्क दिखाते हुए आसान जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों की टीमों के बीच मुकाबले हो रहे है।

स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ एमरल्ड हाइट्स स्कूल के निदेशक मुक्तेश सिंह, स्पर्धा पर्यवेक्षक रमेश बाबू विद्यार्थी और खेल अधिकारी अकरम खान के आतिथ्य में हुआ। स्पर्धा का फाइनल मैच 20 अगस्त को खेला जाएगा।



बालिका अंडर-14 वर्ष वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने असम वैली स्कूल को 2-0 से पराजित किया। एमरल्ड हाइट्स स्कूल की टीम के लिए ख्याति चतुर्वेदी, मत्रिका जैन, तीस्था पटेल, श्रीजा ओझा, जन्नत खुशलानी ने उम्दा प्रदर्शन किया। सोनीपत के मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स की टीम ने हिसार के विद्या देवी जिंदल स्कूल को 2-0 से पराजित किया। विजेता टीम की ओर से परी, दिया यादव, नेहल, रिध्विका और लखी चौलिटांगी ने प्रभावी खेल दिखाया।

# एयरपोर्ट पर नौकरी का झांसा देकर 11 लाख ठगे

**ब्लू मून एविएशन अकादमी संचालक पर केस दर्ज**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत टावर चौराहा स्थित एक एविएशन अकादमी के संचालक द्वारा युवाओं को एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपी संचालक ने तीन युवाओं से कुल 11 लाख रुपये ऐंठ लिए और फिर जॉइनिंग के नाम पर गुमराह करता रहा। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में हुई जनसुनवाई में शिकायत के बाद भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से कटनी निवासी फरियादी सौरभ ठाकुर हाल मुकाम भोलाराम उस्ताद मार्ग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि फरवरी 2025 में वह टावर चौराहा स्थित श्री हरिगोपाल कॉम्प्लेक्स के ऑफिस नंबर 102 में संचालित ब्लू मून एविएशन अकादमी गया था। वहां उसकी मुलाकात अकादमी संचालक अमित कुमार सिन्हा से हुई। अमित ने उसे एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ कोर्स व ट्रेनिंग कराने का झांसा देकर दिल्ली और मुंबई भेजने के नाम पर क्यूआर कोड के माध्यम से किस्तों में 5 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। रुपये हड़पने के बाद जब आरोपी जॉइनिंग कराने में टालमटोल करने लगा, तब पीड़ित शिकायत लेकर अकादमी के दफ्तर पहुंचा। वहां उसकी मुलाकात राज जोशी से हुई, जिससे खुलासा हुआ कि आरोपी अमित सिन्हा ने उसकी मंगेतर तनुश्री मेहरा से 3 लाख रुपये और उनकी दोस्त साक्षी निकालजे से भी 3 लाख रुपये नौकरी के नाम पर ऐंठ लिए हैं। पीड़ितों ने जब आपस में बात की तो कुल 11 लाख रुपये की ठगी का खुलासा हुआ। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन के आधार पर भंवरकुआं थाना पुलिस ने आरोपी अमित कुमार सिन्हा के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# ओवरस्पीड कार डिवाइडर से टकराई तीन घायल, गाड़ी में मिले बीयर के कैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में सुपर कॉरिडोर पर बीती देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। भीषण हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार चालक व युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगिरों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन से बीयर के कैन और प्रसाद का डिब्बा बरामद हुआ है, जिससे चालक के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है।



पुलिस के अनुसार, हादसा बीती देर रात सुपर कॉरिडोर स्थित ब्रिज से उतरते समय हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 1032 अत्यधिक तेज रफ्तार में जा रही थी। जैसे ही कार ब्रिज की ढलान से नीचे उतरी, चालक ने संतुलन खो दिया और कार सीधे जाकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सड़क से गुजर रहे राहगिरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। पुलिस को कार की तलाशी के दौरान बीयर के कैन और एक प्रसाद का डिब्बा मिला है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक प्रथम दृष्टया आशंका है कि कार चालक नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# खड़ी कार का कांच फोड़ा विरोध करने पर धमकी

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के बाबू मुराई कॉलोनी में बदमाशों द्वारा गुंडागर्दी करते हुए घर के बाहर खड़े युवक की कार पर बदमाशों ने पत्थर मारकर कांच फोड़ दिया। जब पीड़ित ने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोबारा कार खड़ी करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों और उनके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बाबू मुराई कॉलोनी निवासी फरियादी अंकुश पिता कृष्णकुमार शर्मा ने एरोड्रम थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। अंकुश ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के सामने खड़ा हुआ था। इसी दौरान विजय श्री नगर निवासी आरोपी कृष्णा यादव, कृष्णा सालवी और उनका एक अन्य साथी वहां पहुंचे। आरोपियों ने अकारण ही घर के बाहर खड़ी फरियादी की वैगन-आरकार के सामने के मुख्य कांच पर पत्थर मार दिया, जिससे कार का कांच टूट गया। जब पीड़ित अंकुश ने आरोपियों से कहा कि भैया आपने ऐसा क्यों किया, तो कृष्णा यादव, कृष्णा सालवी और उनके साथी भड़क गए और गालियां देने लगे। फरियादी ने जब गालियां देने से मना किया तो आरोपी वहां से भागने लगे। जाते-जाते बदमाशों ने धमकी दी कि अगर तूने आज के बाद कार को यहां पर खड़ी की तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।

# ढाबे पर रुपयों के लेनदेन में विवाद, सोते समय साथी कर्मचारी ने डंडे से किया हमला, सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के दीपमाला चौराहे स्थित एक ढाबे पर साथ काम करने वाले दो कर्मचारियों के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद तड़के सुबह सोते समय आरोपी कर्मचारी ने अपने ही साथी पर बांस के डंडे से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित का सिर फूट गया और वह खून से लथपथ हो गया। पीड़ित की शिकायत पर बाणगंगा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से सागर निवासी और वर्तमान में लिंबोदागारी गांधीनगर में रहने वाले फरियादी विशाल पिता लक्ष्मू सेन ने बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विशाल ने पुलिस को बताया कि वह दीपमाला चौराहे पर स्थित जयगोपाल ढाबे पर काम करता है। वहीं पर उसके साथ विकास लोधी निवासी ग्राम झगरिया, जिला विदिशा भी काम करता है। बीते दिन रुपयों के लेनदेन की बात को लेकर विकास उससे विवाद करने लगा और अकारण गालियां देने लगा। विरोध करने पर मामला शांत हुआ और विशाल वहां सो गया, जिसके बाद विकास चला गया। इसके बाद बीती सुबह करीब 5 बजे जब विशाल सो रहा था, तभी आरोपी विकास वापस आया और फिर से गाली-गलौज करने लगा। सोते हुए विशाल पर आरोपी ने अचानक बांस के डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। डंडे के वार से विशाल के सिर के दाहिने हिस्से, नाक और हाथ की कलाई पर गंभीर चोटें आईं और सिर से खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर भाग निकला।

# एमडी ड्रग्स तस्करी में लंबे समय से फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**16 से अधिक केस दर्ज, ई-रिक्शा चलाकर छुपाता था धंधा**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में काफी समय से फरार चल रहे कुख्यात बदमाश जुनैद उर्फ जुन्नु को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, चोरी, अड़ीबाजी और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर प्रकृति के 16 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि थाना क्राइम ब्रांच में दर्ज अपराध के तहत पूर्व में आरोपी सलीम रहमान निवासी जूनी इंदौर को पकड़ा गया था। उस समय सलीम के कब्जे से 20.84 अवैध एमडी ड्रग्स कीमत करीब 2 लाख रुपये और एक एक्सेस स्कूटी एमपी 09 डीजे 9777 ज़ब्त की गई थी। इस मामले की विवेचना के दौरान सदर बाजार निवासी जुनैद उर्फ जुन्नु की संलिप्तता सामने आई थी, जिसके बाद से ही वह लगातार फरार चल रहा था।क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों से आरोपी की सटीक लोकेशन मिली, जिसके आधार पर टीम ने घेराबंदी कर जुनैद को दबोच लिया। आरोपी केवल 9वीं तक पढ़ा है और अपनी पहचान व अवैध गतिविधियों को छिपाने के लिए किराये का ई-रिक्शा चलाता था। क्राइम ब्रांच अब आरोपी से नशे के नेटवर्क, सप्लाई चेन और इस धंधे में शामिल अन्य साथियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।



**साल 2026 में अब तक 3.15 करोड़ के मादक पदार्थ ज़ब्त-**इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा नशे के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। 2026 से अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 57 प्रकरणों में 122 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस दौरान पुलिस ने करीब 3 करोड़ 15 लाख 18 हजार रुपये मूल्य की 2.55 किलो एमडी ड्रग्स, 28.3 किलो गांजा, 500 किलो भांग, 268.5 ग्राम ब्राउन शुगर व 10 ग्राम कोकीन सहित कई वाहन जब्त किए हैं।

# मासूम छात्रा से गलत व्यवहार करने वाली फर्स्टक्राई प्री-स्कूल की टीचर पर प्रकरण

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र के एक प्री-स्कूल में मासूम बच्ची के साथ क्लास टीचर द्वारा गाली-गलौज, दुर्व्यवहार और शारीरिक चोट पहुंचाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिक्षिका के इस अनैतिक व्यवहार के कारण बच्ची के मन में स्कूल जाने को लेकर गहरा मानसिक खौफ पैदा हो गया है। पीड़ित बच्ची के पिता की शिकायत पर विजय नगर थाना पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, भोरासला, बाणगंगा निवासी फरियादी रत्नेश पिता हरिप्रकाश अग्निहोत्री ने विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी छोटी बच्ची विजय नगर स्थित फर्स्टक्राई इंटेलीटॉट्स प्री-स्कूल में पढ़ाई करती है। वहां पदस्थ क्लास टीचर प्रांजली उपाध्याय ने बच्ची के साथ अनुचित व अभद्र व्यवहार किया। फरियादी के अनुसार, शिक्षिका प्रांजली उपाध्याय ने बच्ची के साथ अकारण गाली-गलौज की, गलत शब्दों का प्रयोग किया और उसे शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। शिक्षिका के इस खौफनाक रवैये के कारण मासूम बच्ची बुरी तरह डर गई है और उसके मन में स्कूल के प्रति गहरा मानसिक भय बैठ गया है। परिजनों को जब घटना का पता चला तो वे तुरंत थाने पहुंचे। विजय नगर थाना पुलिस ने फरियादी रत्नेश की रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षिका प्रांजली उपाध्याय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।